PCPO's Serial No. 28/2025

Eastern Railway
(Personnel Department)
17 N.S. Road, Kolkata-700001

No. E.787/0/PEN/Policy/UPS

Kolkata, dated 07.04.2025

ALL CONCERNED
As per Standard list

Sub: Pension Fund Regulatory and Development Authority (Operationalisation of Unified Pension Scheme under National Pension System) Regulations, 2025 – regarding.

Ref: Railway Board's letter No. F(E)III/2025/UPS/1 dated 18.03.2025

****

A copy of Railway Board's letter No. F(E)III/2025/UPS/1 dated 28.03.2025 (RBE No. 25/2025) alongwith a copy of the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA)'s Gazette Notification No. PFRDA – 12/01/0001/2023-LEGAL dated 19.03.2025 on the above subject matter is enclosed herewith for information, guidance and necessary compliance.

Railway Board's earlier letter of even no dated 18.03.2025 (RBE No. 22/2025) as mentioned under reference was circulated under this office Sl. No. 24/2025.

DA: As above

07/04/25

(K.C. Das)
Dy. Chief Personnel Officer (NG)
fr. Pr. Chief Personnel Officer

Index No. 1058: Guidelines regarding regulations to operationalise of Unified Pension Scheme (UPS) introduced by the Central Government as an option under the National Pension System (NPS) for the employees of the Central Government who are covered under NPS.

आरबीई सं. 25/2025.

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे बोर्ड

सं. एफ(ई)III/2025/यूपीएस/1 नई दिल्ली, दिनांक: 28.03.2025.

महाप्रबंधक/प्रधान वित्त सलाहकार,
सभी क्षेत्रीय रेलें/उत्पादन इकाइयां आदि,
महानिदेशक, अ.अ.मा.सं. एवं भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी।

विषय: पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025 के संबंध में।

संदर्भ: बोर्ड का दिनांक 18.03.2025 का समसंख्यक पत्र।

*****

वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवाएं विभाग) के दिनांक 24 जनवरी, 2025 की राजपत्रित अधिसूचना सं.एफएक्स-1/3/2024-पीआर के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) शुरू की गई है। उक्त अधिसूचना को उपरोक्त संदर्भ पत्र के तहत रेलों में परिपत्रित किया गया था।

2. अब, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के दिनांक 19.03.2025 की राजपत्रित अधिसूचना सं.पीएफआरडीए-12/01/0001/2023-लीगल के तहत पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025 जारी किए गए हैं ताकि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत केंद्र सरकार कर्मचारियों, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए हैं, के लिए विकल्प के रूप में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना का संचालन किया जा सके। इस अधिसूचना की एक प्रति सूचना और अनुपालन हेतु संलग्न है।

3. उक्त अधिसूचना में उल्लिखित मूल नियम 56(j) और केंद्रीय सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965, क्रमशः, भारतीय रेल स्थापना संहिता (आईआरईसी) जिल्द II (1987- संस्करण) के अध्याय 18 के नियम 1802 (क) और रेल सेवक (अनुशासन और अपील) नियम, 1968 के अनुरूप हैं। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एकीकृत पेंशन योजना के संचालन) विनियम, 2025 के नियम 2(g) में उल्लिखित "कार्यालय का प्रधान" की परिभाषा को निम्नानुसार पढ़ा जाए :

"'कार्यालय का प्रधान" का अर्थ ऐसे राजपत्रित अधिकारी से है जिसे नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश द्वारा कार्यालय कार्यालय का प्रधान के रूप में घोषित किया गया है और इसमें ऐसे अन्य प्राधिकारी या व्यक्ति शामिल हैं जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी इसी प्रकार से विनिर्दिष्ट करे।"

4. कृपया पावती दें।

संलग्नक: यथोक्त।

जी. प्रिया सुदर्सनी

(जी. प्रिया सुदर्सनी)
निदेशक वित्त (स्थापना)
रेलवे बोर्ड

RBE No. 25 /2025.

GOVERNMENT OF INDIA (BHARAT SARKAR)
MINISTRY OF RAILWAYS (RAIL MANTRALAYA)
(RAILWAY BOARD)

No. F(E)III/2025/UPS/1 **New Delhi, dated:28 .03.2025.**

The General Managers/Principal Financial Advisors,
All Zonal Railways/Production Units etc,
DGs of RDSO and NAIR.

Sub: Pension Fund Regulatory and Development Authority (Operationalisation of Unified Pension Scheme under National Pension System) Regulations, 2025 - regarding.

Ref: Board's letter of even number dated:18.03.2025.

*****

Ministry of Finance (Department of Financial Services) vide Gazette Notification No. FX-1/3/2024-PR dated 24th January, 2025 had introduced Unified Pension Scheme (UPS) as an option under the National Pension System (NPS) for the employees of the Central Government who are covered under National Pension System. The said notification was circulated on Railways vide letter under reference above.

2. Now, the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) vide Gazette Notification No. PFRDA- 12/01/0001/2023-LEGAL dated 19.03.2025 has issued the Pension Fund Regulatory and Development Authority (Operationalisation of Unified Pension Scheme under National Pension System) Regulations, 2025 to operationalise the UPS introduced by the Central Government as an option under the NPS for the employees of the Central Government who are covered under NPS. A copy of this notification is enclosed for information and compliance.

3. The Fundamental Rule 56(j) and Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965 mentioned in ibid notification correspond to Rule 1802(a) of Chapter 18, IREC Vol.II (1987-edition) and Railway Servants (Discipline and Appeal) Rules, 1968 respectively. The definition of "Head of Office" mentioned in regulation 2(g) of Pension Fund Regulatory and Development Authority (Operationalisation of Unified Pension Scheme under National Pension System) Regulations, 2025 may be read as under:

" "Head of Office" means a gazetted officer whom the appointing authority may, by order declare as Head of Office and includes such other authority or person whom the appointing authority may specify in the like manner."

4. Please acknowledge receipt.

G. Priya Sudarsani

(G. Priya Sudarsani),
Director, Finance (Estt.),
Railway Board.

D.A.: As above

No. F(E)III/2025/UPS/1

New Delhi, Dated: 28.03.2025.

Copy to:

Deputy Comptroller and Auditor General of India (Railways), Room No. 222, Rail Bhawan, New Delhi.

G. Priya Sudarsani

For Member Finance, Railway Board

No. F(E)III/2025/UPS/1

New Delhi, Dated: 28.03.2025.

Copy to:-

1. The General Secretary, NFIR, Room No. 256-E, Rail Bhawan, New Delhi.
2. The General Secretary, AIRF, Room No. 253, Rail Bhawan, New Delhi.
3. The Members of the National Council, Departmental Council and Secretary Staff Side, National Council, 13-C, Feroz Shah Road, New Delhi.
4. The Secretary General, FROA, Room No. 256-A, Rail Bhawan, New Delhi.
5. The Secretary General, IRPOF, Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
6. The Secretary, RBSS, Group 'A' Officers Association, Rail Bhawan.
7. The Secretary, RBSS, Group 'B' Officers Association.
8. The General Secretary, RBSSSA, Room No. 451-A, Rail Bhawan, New Delhi.
9. The Secretary, Railway Board Ministerial Staff Association.
10. The Secretary, Railway Board Class IV staff Association.
11. The General Secretary, All India SC/ST Railway Employees Association, Room No. 7, Ground Floor, Rail Bhawan, New Delhi
12. The General Secretary, All India O.B.C. Railway Employees Federation (AIOBCREF), Room No.48, Rail Bhawan.

28.03.2025

For Principal Executive Director (IR), Railway Board.

No. F(E)III/2025/UPS/1

New Delhi, Dated: 28.03.2025.

Copy to:-

1. Adv. to MR, EDPG to MR, OSD to MR, OSD (Co-ord) to MR, PS to MoSR(D), EDPG to MoSR(D), PS to MoSR(J), EDPG to MoSR(J), DPG to MoSR(J).
2. PSOs/Sr.PPSs/PPSs to CRB, MF, M/O&BD, M/Infra, M/TRS, Secretary/RB.
3. DG/HR, DG/Safety, DG(RHS), DG(RPF).
4. All Addl. Members, PEDs, All EDs, JSs.
5. Pay & Accounts Officer, M/o Railways (Railway Board)

No. F(E)III/2025/UPS/1

New Delhi, Dated: 28.03.2025.

Copy to:-

1. The DGs, IRICEN/Pune, IRIEEN/Nasik Road. IRIMEE/Jamalpur, IRISET/Secunderabad
2. Principal CAO, PLW, Patiala.
3. The CMDs, IRCON, IRFC, MRVC, IRC&TC, CONCOR, RITES, KRCL, RVNL, Railtel and MDs, CRIS, IRWO.
4. The Vice Chairman, Rail Land Development Authority, New Delhi.
5. The Registrar, RCT/Delhi.
6. Chairmen of all RRBs
7. The Chief Commissioner of Railway Safety/ Lucknow.

(Reference- Pension Fund Regulatory and Development Authority gazette Notification No. PFRDA-12/01 /0001/2023-Legal dated 19.03.2025.)

*****

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-20032025-261726
CG-DL-E-20032025-261726

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 183] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 19, 2025/फाल्गुन 28, 1946
No. 183] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 19, 2025/PHALGUNA 28, 1946

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 मार्च, 2025

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025

फा. सं. पीएफआरडीए-12/01/0001/2023-विधि.—पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) की धारा 52 की उप-धारा (1) तथा उसकी उपधारा (2) के खंड (च) और (व) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाए जाते हैं, ताकि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत शामिल किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक विकल्प के रूप में प्रस्तुत की गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को संचालित किया जा सके, नामतः -

अध्याय I

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन विनियमों को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025" कहा जाएगा।

(2) इन विनियमों का उद्देश्य केंद्र सरकार, वित्त मंत्रालय की अधिसूचना संख्या फा. सं. एफएक्स-1/3/2024-पीआर, दिनांक 24 जनवरी, 2025 के माध्यम से अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना को क्रियान्वित करने के लिए संरचना निर्धारित करना और इस योजना के कार्यान्वयन और इसके साथ जुड़े या आनुषंगिक मामलों से सम्बन्धित मध्यवर्तियों और केंद्र सरकार के कार्यालयों के दायित्वों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करना है ।

(3) ये विनियम 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे।

2. **परिभाषाएँ.** - (1) इन विनियमों में, जब तक कि अन्यथा संदर्भित न हो-

(क) "अधिनियम" का अर्थ है पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23);

(ख) "प्राधिकरण" का अर्थ है पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत स्थापित पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण;

(ग) "स्वीकार्य भुगतान" का अर्थ है वह राशि है जो एक यूपीएस अभिदाता को आजीवन देय होगी, जैसा कि इन विनियमों के तहत निर्दिष्ट अनुपात और रीति में निर्धारित किया गया है;

(घ) "बेंचमार्क कॉर्पस" का अर्थ है वह कोष, जिसे विनियम 12 के तहत निर्दिष्ट किया गया है;

(ङ) "डिफ़ॉल्ट पैटर्न" का अर्थ है पेंशन निधि(यों) और निवेश पैटर्न का वह विकल्प, जिसे प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर यूपीएस के तहत व्यक्तिगत कॉर्पस के संबंध में निर्धारित किया जाता है;

(च) "पारिवारिक भुगतान" वह मासिक राशि है, जो किसी दिवंगत अभिदाता के कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी को देय होती है;

(छ) "कार्यालय प्रमुख" का अर्थ है केंद्र सरकार द्वारा जारी वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 2024 के अंतर्गत परिभाषित एक राजपत्रित अधिकारी, और इसमें ऐसे अन्य प्राधिकारी या व्यक्ति शामिल हैं जिन्हें केंद्र सरकार, आदेश द्वारा, कार्यालय प्रमुख के रूप में निर्दिष्ट कर सकता है;

ज) "व्यक्तिगत कॉर्पस" का अर्थ है किसी अभिदाता के व्यक्तिगत स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन) में देय इकाइयों का शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य;

(झ) " कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी " का अर्थ है यूपीएस अभिदाता का पति या पत्नीजिसका नाम अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मूल नियम 56 (ञ) के अंतर्गत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के अंतर्गत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है), जैसा कि लागू हो, की तिथि पर सेवा रिकॉर्ड में उपलब्ध हो, और जो यूपीएस अभिदाता के पश्चात् जीवित हो;

(ञ) "पूल कॉर्पस" का अर्थ है वह कोष, जिसे विनियम 7 के तहत निर्दिष्ट किया गया है;

(ट) "अर्हक सेवा" का अर्थ है, यूपीएस अभिदाता की सेवा-अवधि जिसकी गणना विनियम 13 के तहत निर्दिष्ट रीति में की गयी हो;

(ठ) "अनुसूची" का अर्थ है इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूचियाँ;

(ड) "एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस)" का अर्थ है, वह विकल्प जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत शामिल किए गए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए यूपीएस अधिसूचना के अनुसार उपलब्ध है;

(ढ) "यूपीएस अधिसूचना" का अर्थ है वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या फा. सं. एफएक्स-1/3/2024-पीआर, दिनांक 24 जनवरी, 2025;

(ण) "यूपीएस भुगतान आदेश" का अर्थ वह प्राधिकार है, जिसे वेतन एवं लेखा अधिकारी (पी ए ओ) द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट को जारी किया जाता है, जिसमें विनियम 20 के तहत निर्दिष्ट विवरण शामिल होते हैं।

(त) इन विनियमों के उद्देश्यों के लिए "यूपीएस अभिदाता" का अर्थ है, केंद्र सरकार का वह कर्मचारी है, जिसने इन विनियमों के अनुसार यूपीएस विकल्प का चयन किया हो और इसके तहत नामांकित हुआ हो;

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त ऐसे शब्दों और अभिव्यक्तियों को, जिन्हें यहां परिभाषित नहीं किया गया है, उनका वही अर्थ होगा जो अधिनियम तथा उसके तहत बनाए गए मौजूदा विनियमों में परिभाषित किया गया हो।

अध्याय II

प्रयोज्यता

3. **एकीकृत पेंशन योजना की प्रयोज्यता.** - (1) एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का विकल्प केंद्र सरकार के निम्नलिखित श्रेणी के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगा-

(i) दिनांक 01 अप्रैल, 2025 तक मौजूदा केंद्र सरकार के कर्मचारी, जो अधिनियम की धारा 20 की उपधारा (1) के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत शामिल हैं;

(ii) केंद्र सरकार की सेवाओं में दिनांक 1 अप्रैल, 2025 या उसके बाद शामिल नए भर्ती हुए कार्मिक;

(iii) (क) कोई केंद्रीय सरकारी कर्मचारी, जो एनपीएस के अंतर्गत शामिल किया गया था और जो 31 मार्च 2025 या उससे पहले अधिवर्षिता प्राप्त कर चुका है या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुका है, या मौलिक नियम 56 (ञ) के तहत सेवानिवृत्त हुआ है (जो कि केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं मानी जाती); या

(ख) उस अभिदाता के कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी, जो अधिवर्षित या सेवा-निवृत्त हो चुका है और यूपीएस के लिए विकल्प का चयन करने से पहले उसकी मृत्यु हो गई है;

(2) यूपीएस के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए पात्र कर्मचारी द्वारा विकल्प का चयन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) 1 अप्रैल 2025 से तीन महीने के भीतर, या केंद्र सरकार द्वारा यदि किसी विस्तारित समयसीमा की अनुमति दी जाती है, तो उसके भीतर, उप-नियम (1) के खंड (i) और खंड (iii) के तहत वर्णित व्यक्ति के संबंध में; और

(ii) उप-नियम (1) के उप-खंड (ii) के तहत वर्णित व्यक्ति के संबंध में केंद्र सरकार सेवाओं में शामिल होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर, या केंद्र सरकार द्वारा यदि किसी विस्तारित समयसीमा की अनुमति दी जाती है, तो उसके भीतर।

(3) एक बार चुना गया विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा ।

अध्याय III

पंजीकरण

4. यूपीएस के तहत विकल्प का चयन और नामांकन. - (1) विनियम 3 के तहत आने वाला कोई भी व्यक्ति, विकल्प चयन अवधि समाप्त होने से पहले यूपीएस के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए, निम्नलिखित रीति से विकल्प का चयन करेगा-

(क) कोई केंद्रीय सरकारी कर्मचारी, जो 1 अप्रैल 2025 को सेवा में कार्यरत है और एनपीएस स में शामिल है, वह यूपीएस विकल्प के तहत नामांकन के लिए अनुसूची I के फॉर्म ए2 में संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) को आवेदन प्रस्तुत करेगा, जो इन विनियमों के अनुरूप होगा;

(ख) दिनांक 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद केंद्रीय सरकारी सेवाओं में शामिल होने वाले किसी नए भर्ती कर्मचारी के लिए, एनपीएस के तहत मौजूदा नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। यदि ऐसा नया भर्ती कर्मचारी एनपीएस के तहत यूपीएस विकल्प चुनता है, तो वह अनुसूची I के फॉर्म ए1 में संबंधित डीडीओ को आवेदन प्रस्तुत करेगा, जो इन विनियमों के अनुरूप होगा;

(ग) कोई पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारी, जो 31 मार्च 2025 या उससे पहले अधिवर्षित हो चुका है या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्त हुआ है (जो कि केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति नहीं माना जाता) और जो एनपीएस के अंतर्गत शामिल किया गया था, वह अनुसूची I के फॉर्म बी 2 में केवाईसी दस्तावेजों के साथ संबंधित डीडीओ को आवेदन प्रस्तुत करेगा, ताकि इन विनियमों में निर्दिष्ट रीति से यूपीएस विकल्प के तहत लाभ प्राप्त कर सके;

(घ) किसी मृतक केंद्र सरकार के कर्मचारी के मामले में जिसने अधिवर्षिता प्राप्त की है या मौलिक नियम 56(ञ) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है), जैसा भी लागू हो, के तहत 31 मार्च 2025 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हुआ है, और एनपीएस के अंतर्गत शामिल किया गया था और यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र था, कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी को इन विनियमों के तहत निर्दिष्ट रीति से जब ऐसे लाभ देय और भुगतान योग्य हो जाते हैं, तो यूपीएस विकल्प के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए केवाईसी दस्तावेजों के साथ अनुसूची I के फॉर्म बी6 में संबंधित डीडीओ को एक आवेदन जमा करना होगा।

(2) अनुसूची I में यथा लागू सूचीबद्ध फॉर्म ए1, ए2, बी2 और बी6, सीआरए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या कार्यालय प्रमुख या डीडीओ को भौतिक रूप से जमा किए जा सकते हैं।

(3) सीआरए पोर्टल के माध्यम से सब फॉर्म के ऑनलाइन प्रस्तुत करने की स्थिति में, सीआरए उस व्यक्ति को एक पावती प्रदान करेगा और साथ ही साथ, इसे सत्यापन हेतु डीडीओ को भेजेगा। डीडीओ, कार्यालय प्रमुख से आवश्यक विवरण प्राप्त करने के बाद, सीआरए प्रणाली में रिकॉर्ड अपडेट करेगा और इसे वेतन एवं लेखा अधिकारी (पी ए ओ) को प्रमाणीकरण के लिए अग्रेषित करेगा।

(4) यदि उप-नियम (1) में उल्लिखित व्यक्ति सीआरए पोर्टल के माध्यम से यूपीएस विकल्प का चयन करने में असमर्थ है, तो ऐसे व्यक्ति को कार्यालय प्रमुख के पास सीधे या डीडीओ के माध्यम से भौतिक रूप से फॉर्म प्रस्तुत करने की सुविधा होगी। ऐसे मामलों में, कार्यालय प्रमुख विकल्प की जानकारी डीडीओ को अग्रेषित करेगा। डीडीओ, कार्यालय प्रमुख से प्राप्त आवश्यक जानकारी के आधार पर सीआरए प्रणाली में रिकॉर्ड अपडेट करेगा और इसे प्रमाणीकरण के लिए पीएओ को अग्रेषित करेगा।

(5) जो कोई भी उप-नियम (1) के तहत विकल्प का चयन करने के लिए पात्र है और निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर एनपीएस के तहत यूपीएस विकल्प का चयन नहीं करता, उसे यूपीएस विकल्प के बिना एनपीएस के तहत जारी रहने के लिए माना जाएगा।

5. स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन). - (1) वे कर्मचारी, जो विनियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (क) और (ख) के अंतर्गत आते हैं और जिन्होंने एनपीएस के तहत यूपीएस विकल्प को चुनने के लिए फॉर्म ए1 या ए2 (जो भी लागू हो) प्रस्तुत किया है तथा जिनका आवेदन संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारी (पीएओ) द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार अधिकृत किया गया है, उन्हें यूपीएस से जुड़े स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन) द्वारा चिह्नित किया जाएगा।

(2) वे व्यक्ति, जो विनियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (ग) और (घ) के अंतर्गत आते हैं और जिन्होंने एनपीएस के तहत यूपीएस विकल्प को चुनने के लिए फॉर्म बी2 और बी6 (जो भी लागू हो) प्रस्तुत किया है तथा जिनका आवेदन संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारी (पीएओ) द्वारा अधिकृत किया गया है, उन्हें उनके पूर्ववर्ती पीआरएएन द्वारा चिह्नित किया जाएगा, जो यूपीएस से टैग होगा।

(3) सीआरए उन यूपीएस अभिदाताओं के व्यक्तिगत कॉर्पस का अंतरण करेगा, जो विनियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (क) के अंतर्गत आते हैं और जिन्होंने यूपीएस विकल्प का चयन किया है। यह अंतरण संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारी (पी ए ओ) द्वारा उचित अनुमोदन के पश्चात, यूपीएस से जुड़े पीआरएएन में किया जाएगा, जिसे प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया और समयसीमा के भीतर पूरा किया जाएगा।

(4) यूपीएस अभिदाता, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आल सिटिज़न मॉडल में स्वेच्छा से एनपीएस (टीयर I और टीयर II) के तहत अतिरिक्त खाता रख सकता है।

अध्याय IV
अंशदान

6. व्यक्तिगत कॉर्पस. -(1) यूपीएस अभिदाता का मासिक अंशदान उसके मूल वेतन (जिसमें, जहाँ लागू हो, गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ता भी शामिल है) और महंगाई भत्ते का दस प्रतिशत होगा, जिसे यूपीएस अभिदाता के व्यक्तिगत प्रान (पीआरएएन) में जमा किया जाएगा।

(2) यूपीएस अभिदाता के मासिक अंशदान के बराबर राशि केंद्र सरकार द्वारा यूपीएस अभिदाता के व्यक्तिगत प्रान में जमा करके मिलाई जाएगी |

(3) डीडीओ केंद्रीय सरकारी कर्मचारी के वेतन से अंशदान की कटौती करेगा और प्रत्येक यूपीएस अभिदाता के संबंध में कटौती किए गए अंशदान का विवरण संलग्न करते हुए वेतन एवं लेखा अधिकारी (पीएओ) या चेक आहरण एवं संवितरण अधिकारी (सीडीडीओ), जो भी लागू हो, को प्रत्येक माह की 20 तारीख तक बिल भेजेगा।

(4) पीएओ या सीडीडीओ, जो भी लागू हो, डीडीओ द्वारा भेजे गए प्रत्येक यूपीएस अभिदाता के अंशदान के विवरण के आधार पर, एक अभिदाता अंशदान फ़ाइल (एस सी एफ) तैयार करेगा और सीआरए प्रणाली में लेनदेन आईडी (ट्रांसक्शन आई डी) उत्पन्न करेगा, जो प्रत्येक माह की 25 तारीख तक किया जाएगा।

(5) पी ए ओ या सीडीडीओ, जो भी लागू हो, कर्मचारी अंशदान तथा केंद्र सरकार के समतुल्य सह-अंशदान को मान्यता प्राप्त बैंक के माध्यम से न्यासी बैंक (ट्रस्टी बैंक) में प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस तक प्रेषित करेगा।

बशर्ते कि मार्च माह का अंशदान, वेतन एवं लेखा अधिकारी (पीएओ) या सीडीडीओ द्वारा, मान्यता प्राप्त बैंक के माध्यम से, अप्रैल माह के पहले कार्य दिवस को न्यासी बैंक में प्रेषित किया जाएगा।

बशर्ते कि किसी कर्मचारी, जो 31 मार्च 2025 को एनपीएस का अभिदाता था और जिसने यूपीएस का विकल्प चुना है, उसके लिए यूपीएस के तहत पहला अंशदान, विकल्प के प्रयोग के अगले माह में जमा किया जाएगा।

बशर्ते कि केंद्र सरकार में नए भर्ती हुए कर्मचारी का पहला अंशदान आवेदन जमा करने की तारीख से बीस दिनों के भीतर या उस महीने की अंतिम तारीख तक, जिसमें केंद्र सरकार का कर्मचारी शामिल हुआ, जो भी बाद में हो, व्यक्तिगत पीआरएएन में जमा किया जाएगा।

7. पूल कॉर्पस. - (1) पूल कॉर्पस में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

(i) मूल वेतन (जिसमें, जहाँ लागू हो, गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ता भी शामिल है) और महंगाई भत्ते के अनुमानित साढ़े आठ प्रतिशत की दर से अतिरिक्त केंद्र सरकार का अंशदान, यूपीएस विकल्प चुनने वाले सभी कर्मचारियों के समग्र आधार पर;

(ii) विनियम 19 (3) के अनुसार, एक अभिदाता के व्यक्तिगत कॉर्पस से शेष राशि का हस्तांतरण; और

(iii) केंद्र सरकार द्वारा परिभाषित कोई अन्य अंशदान।

(2) पूल कॉर्पस का प्रबंधन पेंशन निधि(यों) द्वारा किया जाएगा, जो विनियम 10 के तहत निर्दिष्ट केंद्र सरकार के निर्देशों और उस संबंध में प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाने वाले ऐसे अन्य निर्देशों के अनुसार होगा।

8. निधि आधारित प्रणाली. - (1) यूपीएस, एक 'निधि-आधारित' प्रणाली होने के नाते, कर्मचारियों को अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति, जैसा भी मामला हो, के बाद सुनिश्चित भुगतान के लिए लागू अंशदान (कर्मचारी और नियोक्ता दोनों से) के नियमित और समय पर संचय और निवेश पर निर्भर करती है|

(2) यूपीएस के तहत लाभों के समय पर और नियमित भुगतान का आश्वासन व्यक्तिगत और पूल कॉर्पस के तहत निधियों की पर्याप्तता पर निर्भर करेगा।

अध्याय V

अंशदानों का निवेश

9. निवेश उद्देश्य. - अंशदानों को पेंशन निधि(यों) द्वारा निवेशित और प्रबंधित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य निवेश पर प्रतिफल को अनुकूलित करना है, यूपीएस अभिदाता(ओं) के हित में अंशदान की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पेंशन निधि(यां) निधि प्रबंधन करते समय पर्याप्त कदम उठाएगी और विवेक, तत्परता और अपनी तकनीकी विशेषज्ञता का प्रयोग करेगी।

10. पूल कॉर्पस का निवेश. - (1) पूल कॉर्पस को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित ऐसी पेंशन निधि(यों) को आवंटित किया जाएगा, जो केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित निवेश पैटर्न और उससे संबंधित पहलुओं के अनुसार निधियों का निवेश करेगी। प्राधिकरण ऐसे निर्देशों के अधीन, निवेश दिशानिर्देश जारी करेगा जिनका पेंशन निधियों को पालन करना होगा।

(2) पूल कॉर्पस का वार्षिक ऑडिट एक ऑडिटर द्वारा किया जाएगा, जिसे प्राधिकरण द्वारा नियुक्त किया जाएगा। **स्पष्टीकरण :** "ऑडिटर" का वही अर्थ होगा जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 141 के तहत उल्लिखित है।

11. व्यक्तिगत कॉर्पस का निवेश. - (1) यूपीएस अभिदाताओं को उनके व्यक्तिगत कॉर्पस में किए गए अंशदान के निवेश हेतु पेंशन निधि और निवेश पैटर्न (जिसमें एक डिफ़ॉल्ट पैटर्न भी शामिल होगा) चुनने का विकल्प मिलेगा। यह विकल्प प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप होगा।

(2) यूपीएस अभिदाता के पास पेंशन निधि(यों) के डिफ़ॉल्ट पैटर्न और डिफ़ॉल्ट निवेश का विकल्प होगा; या

(3) यूपीएस अभिदाता प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत किसी भी एक पेंशन निधि को चुन सकता है।

बशर्ते कि, अगर कोई यूपीएस अभिदाता अपनी पेंशन निधि चुनने का विकल्प नहीं अपनाता है, तो उसे प्राधिकरण द्वारा निर्धारित डिफ़ॉल्ट पैटर्न के अंतर्गत माना जाएगा।

(4) यदि कोई यूपीएस अभिदाता डिफ़ॉल्ट पैटर्न के अतिरिक्त अन्य पेंशन निधि चुनता है, तो उसके पास निम्नलिखित निवेश विकल्प होंगे:

(i) शत-प्रतिशत राशि को सरकारी प्रतिभूतियों (स्कीम जी) में निवेश करने का विकल्प।

(ii) निम्नलिखित में से कोई एक लाइफ साइकिल आधारित योजना:

(क) एल सी - 25: परंपरागत जीवन चक्र निधि, जिसमें इक्विटी में निवेश की अधिकतम सीमा 25% होगी (एल सी - 25) ।

(ख) एल सी - 50: सामान्य जीवन चक्र निधि, जिसमें इक्विटी में निवेश की अधिकतम सीमा 50% होगी (एल सी - 50) ।

(5) यूपीएस अभिदाता प्रति वित्तीय वर्ष में एक बार पेंशन निधि बदल सकता है और प्रति वित्तीय वर्ष में दो बार निवेश विकल्प बदल सकता है।

(6) पेंशन निधि यूपीएस अभिदाताओं को अपनी योजनाओं के पिछले प्रदर्शन से जुड़ी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदान करेगी, जिससे वे पेंशन निधि और निवेश पैटर्न का चयन सोच-समझकर कर सकें।

(7) यदि कोई यूपीएस अभिदाता स्वयं से पेंशन निधि और निवेश पैटर्न का चुनाव करता है, तो उसे अपने व्यक्तिगत कॉर्पस में अधिशेष राशि या अल्पता के लिए उत्तरदायी माना जाएगा, जिसकी तुलना डिफ़ॉल्ट विकल्प के अंतर्गत प्राप्त प्रतिफल से की जाएगी (बेंचमार्क कार्पस)।

(8) अधिशेष राशि (अर्थात, बेंचमार्क कॉर्पस से अधिक व्यक्तिगत कॉर्पस), यदि कोई हो, अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(ञ) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है), के अंतर्गत सेवानिवृत्ति, जैसा भी लागू हो, की तारीख को की गई गणना के अनुसार, यूपीएस भुगतान आदेश जारी होने के बाद यूपीएस अभिदाता को भुगतान की जाएगी।

(9) अल्प राशि (अर्थात, बेंचमार्क कॉर्पस की तुलना में व्यक्तिगत कॉर्पस का कम होना), यदि कोई हो, यूपीएस अभिदाता द्वारा अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(ञ) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है), के अंतर्गत सेवानिवृत्ति, जैसा भी लागू हो, से पहले या उस पर, और फॉर्म बी1 जमा करने से पहले, किसी भी समय उसे पूर्ण किया जा सकता है। यदि ऐसी कमी यूपीएस अभिदाता द्वारा नहीं पूर्ण की जाती है, तो ऐसा अभिदाता अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति के समय आनुपातिक रूप से कम भुगतान का हकदार होगा।

(10) यूपीएस अभिदाता के व्यक्तिगत कॉर्पस और बेंचमार्क कॉर्पस में इकाइयों या उनके मूल्य की जानकारी केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सी आर ऐ) द्वारा अभिदाता को प्रदान की जाएगी।

बशर्ते कि, यूपीएस अभिदाता के व्यक्तिगत कॉर्पस के मूल्य की अंतिम गणना, बेंचमार्क कॉर्पस की तुलना में, लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से उस तिथि को निर्धारित की जाएगी जब अभिदाता अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56 (ञ) के तहत सेवानिवृत्ति प्राप्त करता है (जो कि केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति नहीं माना जाता), जो भी लागू हो।

(11) यूपीएस अभिदाता के व्यक्तिगत कॉर्पस और बेंचमार्क कॉर्पस की जानकारी यूपीएस पीआरएएन खाता विवरण में मासिक आधार पर उपलब्ध होगी।

12. बेंचमार्क कॉर्पस. - (1) प्रत्येक कर्मचारी, जो एनपीएस के अंतर्गत आता है और यूपीएस विकल्प को अपनाता है, के लिए सीआरऐ एक बेंचमार्क कॉर्पस मूल्य की गणना करेगा। इसकी तुलना व्यक्तिगत कॉर्पस से की जाएगी। यह निम्नलिखित मान्यताओं पर आधारित होगा :

(i) प्रत्येक अर्हक सेवा माह के लिए, नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के लागू अंशदान की नियमित और समय पर प्राप्ति, जैसा कि विनियम 6 के उप-विनियम (1) और (2) में निर्दिष्ट किया गया है;

(ii) अंशदानों का निवेश प्राधिकरण द्वारा निर्धारित डिफ़ॉल्ट पैटर्न के अनुसार किया जाना;

(iii) संचय चरण के दौरान कोई आंशिक निकासी न किया जाना;

(iv) कोई भी किया गया स्वैच्छिक अंशदान शामिल नहीं किया जाएगा; और

(v) केंद्र सरकार के तहत अर्हक सेवा की शुरुआत से पहले की अवधि के लिए कोई भी अंशदान नहीं लिया जाएगा।

(2) बेंचमार्क कॉर्पस का मूल्य डिफ़ॉल्ट पैटर्न के शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य और बेंचमार्क कॉर्पस में संबंधित इकाइयों पर आधारित होगा। ऐसे में, किसी भी अवधि के लिए न जमा किया गया अंशदान के संबंध में, शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) उस महीने के अंतिम कार्य दिवस पर आधारित होगा जिसमें 01 अप्रैल 2025 से अंशदान प्राप्त होना था और इसे प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक माह के लिए घोषित किया जाएगा ।

(3) जहाँ यूपीएस डिफ़ॉल्ट पैटर्न एक से अधिक पेंशन निधि द्वारा प्रबंधित किया जाता है, वहाँ भारित औसत एनएवी को उस अनुपात के आधार पर विचार किया जाएगा, जो पेंशन निधि द्वारा प्रबंधित यूपीएस योजना की मासिक औसत एयूएम (AAUM) को उन सभी पेंशन फंडों द्वारा प्रबंधित कुल यूपीएस डिफ़ॉल्ट पैटर्न की कुल AAUM से दर्शाता है। भारित औसत एनएवी की गणना का सूत्र निम्नलिखित है :

$$NAV = \sum_{i=1}^{n} W_i * NAV_i$$

जहाँ

$$W_i = \frac{AAUM_i}{\sum_{i=1}^{n} AAUM_i}$$

जहाँ *'i'* पेंशन निधि को और *'n'* डिफ़ॉल्ट पैटर्न के अंतर्गत कुल पेंशन निधि की संख्या को दर्शाता है*;*

(AAUMi) संबंधित माह के लिए *i* वें पेंशन निधि की औसत स्कीम एयूएम (*AUM)* को दर्शाता है*;*

(W1, W2, W3, …, Wn) संबंधित माह के लिए भारित हैं जिनको पेंशन निधियों के अनुपातिक उस माह के स्कीम *AAUM* पर निर्धारित किया गया है *;* और

(NAV1, NAV2, NAV3, …, NAV_n) प्रत्येक पेंशन निधि के लिए संबंधित माह के अंतिम कार्य दिवस पर घोषित एनएवी हैं।

पिछली अवधि के लिए उपर्युक्त पद्धति का उपयोग करके गणना की गई एनएवी अनुसूची-*II* के तहत प्रदान की गई है।

(4) बेंचमार्क कॉर्पसकी गणना निम्नलिखित रीति से की जाएगी :

(i) व्यक्तिगत कॉर्पस से किए गए आंशिक निकासी और व्यक्तिगत कॉर्पस में किए गए स्वैच्छिक अंशदान को गणना में नहीं माना जाएगा।

(ii) दिनांक 1 अप्रैल, 2025 से पहले प्राप्त अंशदानों के लिए : मासिक अंशदानों को जब और जिस समय प्राप्त हुए हैं, माना जाएगा, और डिफ़ॉल्ट पैटर्न पर मूल्यांकित किया जाएगा।

(iii) दिनांक 1 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद प्राप्त अंशदानों के लिए :

(क) मासिक अंशदान जो उस महीने में प्राप्त होने हैं, उन्हें महीने के दौरान जब और जिस समय प्राप्त हुए हैं, माना जाएगा और डिफ़ॉल्ट पैटर्न पर मूल्यांकित किया जाएगा।

(ख) किसी भी महीने में किसी भी न जमा किये गए अंशदान की स्थिति में, मूल्य पिछले पूर्ण महीने के मासिक अंशदान पर लागू महीने के अंतिम कार्य दिवस के अनुसार डिफ़ॉल्ट पैटर्न के भारित औसत एनएवी पर आधारित होगा।

(iv) मंहगाई भत्ते जैसे बकाया राशि से संबंधित अंशदान को प्राप्त होने पर डिफ़ॉल्ट पैटर्न के अनुसार ही माना जाएगा और उसका मूल्यांकन किया जाएगा।

(5) विभिन्न परिदृश्यों के तहत बेंचमार्क कॉर्पस की गणना के बारे में दृष्टांत संबंधी उदाहरण अनुसूची III के तहत दिए गए हैं।

अध्याय VI

लाभ

13. लाभ प्राप्त करने की पात्रता. - (1) विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन, यूपीएस लाभ केवल निम्नलिखित परिस्थितियों में उपलब्ध होंगे :

(क) यदि कोई कर्मचारी न्यूनतम दस वर्षों की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद अधिवर्षिता प्राप्त कर लेता है, तो अधिवर्षिता की तिथि से लाभ प्रदान किए जाएंगे।

(ख) यदि केंद्र सरकार, किसी कर्मचारी को मौलिक नियम 56 (ञ) के तहत (जो केंद्रीय सिविल सेवा [वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील] नियम, 1965 के अंतर्गत शास्ति नहीं माना जाता है) सेवानिवृत्त करती है, तो सेवानिवृत्ति की तिथि से लाभ प्रदान किए जाएंगे।(ग) यदि कोई कर्मचारी न्यूनतम पच्चीस वर्षों की अर्हक सेवा अवधि पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्राप्त कर लेता है, तो उसे वे लाभ उस तिथि से प्रदान किए जाएंगे जिस तिथि को वह सेवानिवृत्त होता, यदि उसकी सेवा जारी रहती।

(2) यदि कोई यूपीएस अभिदाता, भले ही वह एनपीएस के तहत यूपीएस विकल्प में नामांकित हो, को सेवा से बर्खास्त किया जाता है, सेवा से निष्कासित किया जाता है या वह स्वयं इस्तीफा देता है, तो ऐसी स्थिति में यूपीएस विकल्प लागू नहीं होगा।

स्पष्टीकरण : इन विनियमों के तहत लाभों के प्रयोजन के लिए, अर्हक सेवा उन पूर्ण महीनों की होगी जिनके लिए यूपीएस अभिदाता ने केंद्र सरकार के तहत नियमित सेवाएं प्रदान की हैं, जिसका निर्धारण निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए कार्यालय प्रमुख द्वारा किया जाएगा, जहां ऐसा अभिदाता अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति, जैसा भी मामला हो, के समय कार्यरत था:

(i)(क) विनियम 3 के उप-विनियम (1) के खंड (i) और खंड (iii) के तहत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारी के संबंध में, अर्हक सेवा उस तारीख से शुरू होगी, जिस तारीख से ऐसा व्यक्ति केंद्र सरकार में एनपीएस के तहत नामांकित होने के लिए पात्र था;

(ख) विनियम 3 के उप-विनियम (1) के खंड (ii) के तहत आने वाले नए भर्ती हुए कर्मचारियों के संबंध में, अर्हक सेवा उस तारीख से शुरू होगी जिससे ऐसा व्यक्ति यूपीएस के तहत नामांकित होने के लिए पात्र है।

(ii) इस स्पष्टीकरण के खंड (i) के उप-खंड (क) और (ख) के तहत आने वाले व्यक्तियों के संबंध में अर्हक सेवा की अंतिम तिथि, अधिवर्षिता या सेवा-निवृत्ति की तारीख होगी, जैसा भी मामला हो।

(iii) सेवा से अनधिकृत अनुपस्थिति के मामले में, अर्हक सेवा में शामिल नहीं होगा: सेवा की पूरी पिछली अवधि, जिसमें ऐसी अनधिकृत अनुपस्थिति की अवधि भी शामिल है, यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसे अधिकृत नहीं किया गया हो।

बशर्ते कि, जहां सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी अनधिकृत अनुपस्थिति या छुट्टी को अधिकृत कर दिया गया हो, वहां सेवा की पूरी पिछली अवधि को अर्हक सेवा के लिए गिना जाएगा, सिवाय ऐसी अनधिकृत अनुपस्थिति या छुट्टी की अवधि के, जिसे नहीं गिना जाएगा।

बशर्ते कि यदि किसी अनधिकृत अनुपस्थिति को सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस कर्मचारी के लिए देय और स्वीकार्य अवकाश के माध्यम से विनियमित किया जाता है, तो संपूर्ण पूर्व अवधि और वह विनियमित अवकाश अवधि गणना में शामिल की जाएगी।

(iv) अर्हक सेवा में किसी कर्मचारी द्वारा प्रतिनियुक्ति या विदेश-सेवा पर बिताई गई कोई भी अवधि शामिल नहीं होगी, जिसके लिए व्यक्तिगत कॉर्पस और पूल कॉर्पस के तहत लागू अंशदान प्राप्त नहीं हुआ है। लागू अंशदान हिस्सेदारी की गणना उस रीति से की जाएगी जो केंद्र सरकार के परामर्श से प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

(v) अर्हक सेवा में सरकारी कर्मचारी द्वारा उसके आचरण की जांच लंबित रहने के दौरान निलंबन के तहत बिताया गया समय शामिल होगा, जहां ऐसी जांच के समापन पर, उसे पूरी तरह से दोषमुक्त कर दिया गया है या केवल एक मामूली जुर्माना लगाया गया है और निलंबन को पूरी तरह से अनुचित माना गया है। ऊपर वर्णित मामलों से अतिरिक्त मामलों में, निलंबन की अवधि तब तक नहीं गिनी जाएगी, जब तक कि ऐसे मामलों को नियंत्रित करने वाले सेवा नियमों के तहत आदेश पारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी उस समय स्पष्ट रूप से यह घोषणा नहीं करता है कि यह उस सीमा तक गिना जाएगा जो सक्षम प्राधिकारी घोषित कर सकता है। निलंबन के सभी मामलों में, सक्षम प्राधिकारी एक आदेश पारित करेगा जिसमें यह निर्दिष्ट किया जाएगा कि निलंबन की अवधि किस सीमा तक, यदि कोई हो, अर्हक सेवा के रूप में गिनी जाएगी और इस संबंध में सरकारी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में एक निश्चित प्रविष्टि की जाएगी।

(vi) चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर दी गई असाधारण छुट्टी के अलावा असाधारण छुट्टी के मामले में, नियुक्ति प्राधिकारी, ऐसी छुट्टी देते समय, उस छुट्टी की अवधि को अर्हक सेवा के रूप में गिनने की अनुमति दे सकता है, यदि ऐसी छुट्टी किसी सरकारी कर्मचारी को दी जाती है - (i) नागरिक उपद्रव के कारण ड्यूटी में शामिल होने या फिर से शामिल होने में उसकी असमर्थता के कारण; या (ii) उच्च वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययन करने के लिए।

बशर्ते कि, चिकित्सा प्रमाण-पत्र पर दी गई असाधारण छुट्टी के अलावा असाधारण छुट्टी के मामले में और ऊपर खंड (v) के तहत अर्हक सेवा के रूप में गिनने की अनुमति दी गई असाधारण छुट्टी के मामले में, ऐसी छुट्टी देते समय, सरकारी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में इस आशय की एक निश्चित प्रविष्टि की जाएगी कि असाधारण छुट्टी की अवधि को अर्हक सेवा के रूप में नहीं माना जाएगा और सेवा पुस्तिका में ऐसी प्रविष्टि, यदि असाधारण छुट्टी देते समय नहीं की जाती है, तो बाद में की जा सकती है, लेकिन यह सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व छह महीने के

भीतर नहीं की जा सकती है और यदि सेवा-पुस्तिका में ऐसी कोई प्रविष्टि नहीं की जाती है, तो असाधारण छुट्टी की अवधि को अर्हक सेवा के रूप में माना जाएगा।

अर्हक सेवा की गणना पर दृष्टांत संबंधी उदाहरण अनुसूची IV के तहत दिए गए हैं।

14. एकमुश्त (लंपसम) भुगतान. : (1) किसी यूपीएस अभिदाता को सेवानिवृत्ति, अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56 (ञ) (जो केंद्रीय सिविल सेवा [वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील] नियम, 1965 के अंतर्गत शास्ति नहीं माना जाता है) के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि पर, अंतिम आहरित मूल वेतन (जिसमें गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ता, यदि लागू हो, शामिल है) और उस पर महंगाई भत्ते के एक-दसवें भाग के समतुल्य एकमुश्त (लंपसम) भुगतान प्राप्त करने का अधिकार होगा, जो कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित प्रत्येक पूर्ण छह महीने की अर्हक सेवा अवधि के लिए देय होगा।

(2) एकमुश्त राशि की गणना निम्नलिखित सूत्र के आधार पर की जाएगी :

एकमुश्त (लंपसम) भुगतान = (ई/10) x एल

जहाँ;

वेतन (ई) = (मूल वेतन (जिसमें गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ता, यदि लागू हो, शामिल है) + महंगाई भत्ता) सेवानिवृत्ति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56 (ञ) (जो केंद्रीय सिविल सेवा [वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील] नियम, 1965 के अंतर्गत शास्ति नहीं माना जाता) के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि पर, जैसा कि लागू हो।

सेवा अवधि (एल) = कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित अर्हक सेवा की पूर्ण छह महीने की संख्या।

स्पष्टीकरण : अर्हक सेवा की गणना के उद्देश्य से, प्रत्येक पूर्ण छह महीने की अवधि के लिए, छह महीने से कम की किसी भी अवधि को गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।

(3) यह एकमुश्त (लंपसम) भुगतान यूपीएस अभिदाता को देय सुनिश्चित भुगतान के अतिरिक्त होगा और सुनिश्चित भुगतान की मात्रा को प्रभावित नहीं करेगा। यह अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है) के मामले में, जो भी लागू हो, के समय देय होगा ।

15. यूपीएस के तहत भुगतान. - भुगतान की गणना और भुगतान निम्नलिखित तरीके से किया जाएगा:

(i) सुनिश्चित भुगतान : सुनिश्चित भुगतान, अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(ञ) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति नहीं माना जाता है) के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख से ठीक पहले के अंतिम बारह महीनों के मूल वेतन (कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित) के औसत के पचास प्रतिशत पर देय होगा, जैसा भी लागू हो, बशर्ते विनियम 13 के अनुसार गणना किए गए यूपीएस अभिदाता द्वारा न्यूनतम पच्चीस वर्ष की अर्हक सेवाएं पूरी की गयी हों। सुनिश्चित भुगतान की गणना का सूत्र इस प्रकार है:

सुनिश्चित भुगतान (ए) = (पी का ½) x (क्यू/300)

जहाँ :

पी *= अंतिम बारह महीनों के औसत मूल वेतन, जिसे कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित किया गया हो, और जो अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56 (ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जो केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति नहीं माना जाता) की तिथि से लागू हो।*

क्यू *= अर्हक सेवा के पूरे हुए महीनों की संख्या, जिसे कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रमाणित किया गया हो।*

(बशर्ते क्यू अगर -

120 से कम हो, वहां यूपीएस लागू नहीं होगा।

300 से अधिक हो, तो क्यू को 300 माना जाएगा।)

(ii) **न्यूनतम गारंटीड भुगतान** : यूपीएस के तहत न्यूनतम गारंटीड भुगतान रुपये दस हज़ार प्रति माह होगा, बशर्ते कि यूपीएस अभिदाता ने न्यूनतम दस वर्षों की अर्हक सेवा पूरी कर ली हो।

न्यूनतम गारंटीड भुगतान की गणना का सूत्र निम्नलिखित है:

यदि (½ × पी) × (क्यू/300) < 10,000 और

क्यू, 120 के बराबर या अधिक हो,

तो न्यूनतम गारंटीड भुगतान रुपये 10,000/- होगा।

(iii) **आनुपातिक भुगतान** : यदि अर्हक सेवा अवधि दस वर्षों या अधिक लेकिन पच्चीस वर्षों से कम हो, तो अनुपातिक भुगतान देय होगा।

(iv) **स्वीकृत भुगतान** - सुनिश्चित भुगतान को निम्नलिखित में से किसी एक या दोनों मामलों में आनुपातिक रूप से घटाया जाएगा -

(क) यदि अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता) की तिथि पर व्यक्तिगत कॉर्पस बेंचमार्क कॉर्पस से कम है;

(ख) यदि अभिदाता द्वारा अधिकतम साठ प्रतिशत तक व्यक्तिगत कॉर्पस की अंतिम निकासी का विकल्प चुना गया हो।

इस प्रकार आनुपातिक रूप से घटाया गया सुनिश्चित भुगतान, स्वीकृत भुगतान के रूप में देय होगा। स्वीकृत भुगतान की गणना का सूत्र निम्नानुसार है:

स्वीकृत भुगतान = सुनिश्चित भुगतान × (व्यक्तिगत कॉर्पस (आईसी)/ बेंचमार्क कॉर्पस (बीसी)) × (1 - अंतिम निकासी (एफडब्ल्यू)%)

जहाँ,

आईसी = व्यक्तिगत कॉर्पस का मूल्य

बीसी = बेंचमार्क कॉर्पस का मूल्य

बशर्ते आईसी ≤ बीसी

एफडब्ल्यू = प्रतिशत में अंतिम निकासी (व्यक्तिगत कॉर्पस या बेंचमार्क कॉर्पस, जो भी कम हो, का अधिकतम साठ प्रतिशत)

बशर्ते कि यदि व्यक्तिगत कॉर्पस बेंचमार्क कॉर्पस से कम हो, तो यूपीएस अभिदाता को यह कमी अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता) की तिथि तक किसी भी समय पूरी करने का विकल्प होगा।

विभिन्न परिस्थितियों में स्वीकृत भुगतान की गणना से संबंधित उदाहरण अनुसूची V में दिए गए हैं ।

(2) **अंतिम निकासी प्रतिशत (*एफडब्ल्यू*)** : (i) यूपीएस अभिदाता या उसके कानूनी रूप से विवाहित पति/पत्नी, जैसा भी मामला हो, के पास यह विकल्प होगा कि वह अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता) की तिथि पर यूपीएस से जुड़े पीआरएएन में उपलब्ध व्यक्तिगत कॉर्पस या बेंचमार्क कॉर्पस, जो भी कम हो, का अधिकतम साठ प्रतिशत तक की राशि निकाल सकता है, बशर्ते कि ऐसे यूपीएस अभिदाता को देय सुनिश्चित भुगतान में आनुपातिक कटौती की जाएगी।

बशर्ते कि यदि अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता) की तिथि पर व्यक्तिगत कॉर्पस, बेंचमार्क कॉर्पस से अधिक हो, तो अंतिम निकासी की राशि बेंचमार्क कॉर्पस के आधार पर गणना की जाएगी और व्यक्तिगत कॉर्पस में अतिरिक्त राशि यूपीएस अभिदाता के नामित बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी।

(ii) ऐसी अंतिम निकासी अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता) (जो भी लागू हो) की तिथि पर देय होगी।

16. पारिवारिक भुगतान. - (1) यदि किसी यूपीएस अभिदाता, जो स्वीकृत भुगतान प्राप्त कर रही थी/रहा था, का निधन हो जाता है, तो ऐसे दिवंगत अभिदाता के कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी को जीवन भर पारिवारिक भुगतान के रूप में स्वीकृत भुगतान की उस राशि का साठ प्रतिशत प्राप्त होगा, जिसे अभिदाता ने अपने निधन से ठीक पहले प्राप्त किया था।

(2) केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत अधिवर्षित या 31 मार्च 2025 को या उससे पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके हैं और यूपीएस के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र थे, का निधन हो जाता है, तो कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी, दावे की प्रस्तुति और स्वीकृति के उपरांत, पारिवारिक भुगतान के रूप में निम्नलिखित लाभ प्राप्त करेंगे :

- स्वीकृत भुगतान के साठ प्रतिशत और प्रतिनिधि वार्षिकी राशि के साठ प्रतिशत के अंतर की राशि, जो दिवंगत अभिदाता को देय थी;

- अधिवर्षिता या मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता) की तिथि से निधन की तिथि तक, दिवंगत कर्मचारी को प्राप्त होने वाले लाभ :

(i) ऐसे दिवंगत कर्मचारी को देय एकमुश्त (लंपसम) भुगतान;

(ii) अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति के बाद से निधन की तिथि तक देय मासिक टॉप-अप राशि;

(iii) देय महंगाई राहत; तथा

(iv) विगत अवधि के लिए उक्त लाभों के संबंध में बकाया पर लागू सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) दरों के अनुसार साधारण ब्याज, जो ब्याज अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति के बाद के महीने से दावा फॉर्म जमा करने से पहले के महीने तक देय होगा।

बशर्ते कि, जहां यूपीएस विकल्प फॉर्म निर्धारित समय अवधि के उपरांत जमा किया जाता है, तो ऐसी देरी की अवधि के लिए कोई ब्याज देय नहीं होगा।

17. महंगाई राहत. - केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित महंगाई राहत स्वीकार्य भुगतान और पारिवारिक भुगतान, मामले के अनुसार, पर देय होगी। महंगाई राहत केवल तभी देय होगी, जब स्वीकार्य भुगतान शुरू हो जाएगा।

अध्याय VII

आंशिक निकासी

18. आंशिक निकासी. - (1) यूपीएस अभिदाता, यूपीएस पीआरएएनके तहत व्यक्तिगत कॉर्पस से आंशिक निकासी करने के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि यूपीएस या एनपीएस (जो भी पहले हो) के तहत नामांकन की तारीख से तीन वर्षों की लॉक-इन अवधि पूरी हो गई हो। यूपीएस की संपूर्ण अवधि के दौरान, अधिकतम तीन बार आंशिक निकासी की जा सकती है, जिसमें एनपीएस के तहत पहले से की गई निकासी भी शामिल होगी, जैसा कि पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत निकासी और प्रत्याहरण) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट है।

(2) ऐसी निकासी, यूपीएस अभिदाता द्वारा किए गए स्वयं के अंशदान (उस पर अर्जित लाभ को छोड़कर) के पच्चीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, जो निकासी के लिए आवेदन की तारीख पर उपलब्ध हो, तथा यह इस विनियम में निर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन होगी।

(3) इस प्रकार की निकासी केवल निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए अनुमत होगी :

(क) उसके या उसकी संतान (जिसमें कानूनी दत्तक संतान भी शामिल है) की उच्च शिक्षा के लिए;

(ख) उसके या उसकी संतान (जिसमें कानूनी दत्तक संतान भी शामिल है) के विवाह के लिए;

(ग) स्वयं के नाम पर या कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी के साथ संयुक्त नाम पर आवासीय मकान या फ्लैट की खरीद या निर्माण के लिए। यदि अभिदाता पहले से ही व्यक्तिगत रूप से या संयुक्त रूप से एक आवासीय मकान या फ्लैट (वंशानुगत संपत्ति को छोड़कर) का मालिक है, तो इस विनियम के तहत कोई निकासी अनुमत नहीं होगी;

(घ) बीमारियों के उपचार के लिए : यदि यूपीएस अभिदाता, उसके कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी , संतान (जिसमें कानूनी दत्तक संतान भी शामिल है) या आश्रित माता-पिता किसी ऐसी बीमारी से पीड़ित होते हैं, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है;

(ङ) यूपीएस अभिदाता द्वारा विकलांगता या अशक्तता के कारण उत्पन्न चिकित्सा और अन्य आकस्मिक खर्चों को पूरा करने के लिए;

(च) यूपीएस अभिदाता द्वारा कौशल विकास/पुन: कौशल विकास या किसी अन्य आत्म-विकास गतिविधियों से संबंधित खर्चों को पूरा करने के लिए।

(4) यदि कोई यूपीएस अभिदाता किसी बीमारी से पीड़ित है, तो आंशिक निकासी के लिए अनुरोध, उसके परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है, बशर्ते कि यह नोडल कार्यालय द्वारा रिकॉर्ड और प्रमाणित किया गया हो।

(5) आंशिक निकासी करने वाले अभिदाता के पास, जैसा भी मामला हो, अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति की तारीख से पहले ऐसी निकासी के मूल्य को पुनः परिपूरित करने का विकल्प होगा।

अध्याय VIII

लाभों का भुगतान

19. यूपीएस के तहत भुगतान. - (1) यूपीएस अभिदाता को लाभों का भुगतान यूपीएस अधिसूचना, इन विनियमों तथा प्राधिकरण या भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों, परिपत्रों, निर्देशों या अन्य आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

(2) यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए संबंधित अनुसूची I में उपलब्ध लागू प्रपत्रों में आवेदन किया जाएगा और इसे कार्यालय प्रमुख या डीडीओ को प्रस्तुत किया जाएगा :

(i) विनियम 3 के उप-विनियम (1) के खंड (i) और (ii) के तहत आने वाले यूपीएस अभिदाता को लाभों के संबंध में;

(क) यूपीएस अभिदाता को अनुसूची I में निहित फॉर्म बी1, अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(त्र) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है), जैसा भी लागू हो, के समय जमा करना होगा; या

(ख) पारिवारिक भुगतान प्राप्त करने के लिए कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी, दिवंगत यूपीएस अभिदाता द्वारा यूपीएस लाभ प्राप्त किए जाने की स्थिति में फॉर्म बी3, या दिवंगत यूपीएस अभिदाता यूपीएस लाभ के लिए पात्र होने, लेकिन यूपीएस लाभ प्राप्त नहीं किए जाने की स्थिति में फॉर्म बी5, कर्मचारी की मृत्यु के बाद जमा करेगा।

(ii) विनियम 3 के उप-विनियमन (1) के खंड (iii) के तहत आने वाले यूपीएस अभिदाता को स्वीकार्य लाभों के संबंध में:

(क) पूर्व सेवानिवृत्त व्यक्ति को अनुसूची I में दिए गए अनुसार फॉर्म बी2 जमा करना होगा।

(ख) दिवंगत पूर्व सेवानिवृत्त व्यक्तियों के मामले में, स्थिति के अनुसार, इस प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट समय के भीतर, कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी द्वारा अनुसूची I में निहित फॉर्म बी4 जमा करना होगा, यदि दिवंगत अभिदाता ने यूपीएस के लाभ प्राप्त किए हैं अथवा फॉर्म बी6 जमा करना होगा, यदि दिवंगत अभिदाता ने यूपीएस के विकल्प का चयन नहीं किया है ।

(3) यूपीएस अभिदाता, अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(त्र) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है) के अंतर्गत सेवानिवृत्ति, जैसा भी लागू हो, के समय, व्यक्तिगत कॉर्पस में इकाइयों के मूल्य को पूल कॉर्पस में हस्तांतरित करने के लिए अधिकृत करेगा, जो बेंचमार्क कॉर्पस के मूल्य से अधिक नहीं होगा। यदि हस्तांतरण के लिए अधिकृत व्यक्तिगत कॉर्पस का मूल्य बेंचमार्क कॉर्पस के मूल्य से कम है, तो सुनिश्चित भुगतान आनुपातिक रूप से कम किया जाएगा, जब तक कि उस कमी को परिपूरित नहीं किया जाता है।

(4) दिनांक 31 मार्च 2025 को या उससे पहले अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी के संबंध में, व्यक्तिगत कॉर्पस को पूल कॉर्पस में स्थानांतरित करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, ऐसे कर्मचारियों को स्वीकार्य यूपीएस के तहत लाभ पूल कॉर्पस से भुगतान किए जाएंगे।

20. यूपीएस भुगतान आदेश. - (1) किसी यूपीएस अभिदाता को देय लाभ संबंधित वेतन एवं लेखा कार्यालय (पी ए ओ) द्वारा यूपीएस भुगतान आदेश में दर्ज किए जाएंगे, जो अनुसूची-I के तहत फॉर्म बी 1, बी 2, बी 3, बी 4, बी 5 या बी 6 में प्रदत्त किए अनुसार लागू होंगे, और केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण (सीआरऐ) के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को भेजे जाएंगे। ऐसे यूपीएस भुगतान आदेश की एक प्रति यूपीएस अभिदाता या कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी (जो भी लागू हो) को भी प्रदान की जाएगी।

(2) यूपीएस भुगतान आदेश में निम्नलिखित विवरण शामिल होंगे :

i. यूपीएस अभिदाता के आवश्यक विवरण, जिनमें उसके सेवा-अभिलेखों में दर्ज कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी की जानकारी भी सम्मिलित होगी, जो उसके अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(ञ) (जो कि केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के अंतर्गत शास्ति नहीं मानी जाती) के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख पर मान्य होगी।

ii. अर्हक सेवा अवधि (विनियम 13 के अनुसार), जिसे कार्यालय प्रमुख द्वारा अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या मौलिक नियम 56(ञ) (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है), के तहत सेवानिवृत्ति के समय निर्धारित किया गया होगा।

iii. यूपीएस अभिदाता एवं उसके कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी के संयुक्त बैंक खाते का विवरण।

iv. यूपीएस अभिदाता द्वारा व्यक्तिगत कॉर्पस के अधिकतम साठ प्रतिशत (60%) तक चुनी गई अंतिम निकासी का प्रतिशत।

v. यूपीएस के अंतर्गत विनियमों के अनुसार देय लाभों का विवरण, जैसे :

क. एकमुश्त (लंपसम) भुगतान;
ख. व्यक्तिगत कॉर्पस एवं बेंचमार्क कॉर्पस का मूल्य, जिसे केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण अपने सिस्टम में संगणित करेगा;
ग. सुनिश्चित भुगतान;
घ. स्वीकृत भुगतान;
ङ. पारिवारिक भुगतान;
च. देय महंगाई राहत ।

vi. अभिदाता को स्वीकृत भुगतान के शुरुआत की तारीख।

vii. अन्य विवरण, जो भुगतान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक हो सकते हैं।

(3) यदि कोई कर्मचारी 25 वर्षों की अर्हक सेवा पूर्ण करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेता है, तो यूपीएस भुगतान आदेश में स्वीकृत भुगतान की प्रारंभ होने की तारीख का उल्लेख किया जाएगा, जो उस तारीख के अगले दिन होगी जिस दिन कर्मचारी, यदि सेवा में बना रहता, तो सेवानिवृत्त होता।

21. **यूपीएस भुगतान आदेश का प्रसंस्करण. -** (1) यूपीएस भुगतान आदेश प्राप्त होने पर, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास निम्नलिखित को अधिकृत करेगा–

(i) स्वीकृत भुगतान जारी करना;

(ii) एकमुश्त (लंपसम) भुगतान जारी करना;

(iii) अंतिम निकासी जारी करना;

(iv) व्यक्तिगत कॉर्पस में, यदि कोई अतिरिक्त राशि हो, जो बेंचमार्क कॉर्पस से अधिक हो, उसे जारी करना;

(v) स्वीकृत भुगतान पर महंगाई राहत जारी करना।

(2) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास पूल कॉर्पस से अभिदाता के बैंक खाते में मासिक भुगतान तथा समय-समय पर लागू महंगाई राहत की अदायगी सुनिश्चित करेगा। इस उद्देश्य के लिए सीआरए, पेंशन निधि को पूल कॉर्पस से आहरण करने और अभिदाता को इस भुगतान को जारी करने के लिए सूचित करेगा।

22. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत सेवानिवृत्त या अधिवर्षित कर्मचारियों को लाभों का भुगतान. - (1) उन कर्मचारियों के लिए, जो दिनांक 31 मार्च 2025 या उससे पहले राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत सेवानिवृत्त या अधिवर्षित हुए हैं और जिन्होंने विनियम 4 और विनियम 19 के तहत अपेक्षाओं का अनुपालन किया है, निम्नलिखित लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे :

(i) एकमुश्त (लंपसम) भुगतान

(ii) सेवानिवृत्ति की तारीख के तुरंत बाद देय मासिक टॉप-अप राशि

(iii) लागू महंगाई राहत, और

(iv) विगत अवधि के लिए उक्त लाभों के संबंध में बकाया पर सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) दरों के अनुसार साधारण ब्याज, अधिवर्षिता के बाद के महीने से दावा फॉर्म जमा करने से पहले के महीने तक।

बशर्ते कि विनियम 3(ii) के अनुसार विकल्प या दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के बाद की अवधि के लिए कोई ब्याज देय नहीं होगा।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट लाभ उन लाभों के अतिरिक्त होंगे, जो ऐसे कर्मचारी को एनपीएस के तहत प्राप्त हुए हैं या संचित हुए हैं, जिसमें वार्षिकी (यदि कोई हो) भी शामिल है।

(3) किसी व्यक्ति को देय मासिक टॉप-अप राशि उस व्यक्ति के लिए इस विनियम के तहत देय भुगतान और उस पर महंगाई राहत के योग गणना में से लागू प्रतिनिधि वार्षिकी राशि को घटाने के बाद के बराबर होगी। किसी व्यक्ति की प्रतिनिधि वार्षिकी राशि की गणना प्राधिकरण द्वारा घोषित वार्षिकी दर के आधार पर की जाएगी, जिसमें एनपीएस टियर-I के तहत उस व्यक्ति के व्यक्तिगत कॉर्पस के उस प्रतिशत का उपयोग किया जाएगा, जो एनपीएस से निकास के समय वार्षिकीकरण किया गया है। जनवरी 2014 से मार्च 2025 की अवधि हेतु प्रतिनिधि वार्षिकी दर अनुसूची VI में दी गई है।

(4) मासिक टॉप-अप राशि की गणना का सूत्र इस प्रकार है:

मासिक टॉप-अप राशि = (स्वीकृत भुगतान + स्वीकृत भुगतान पर महंगाई राहत) - प्रतिनिधि वार्षिकी राशि

जहाँ:

(क) स्वीकृत भुगतान = सुनिश्चित भुगतान × (व्यक्तिगत कॉर्पस/ बेंचमार्क कॉर्पस) × (1 - अंतिम निकासी प्रतिशत)

यदि आईसी, बीसी से अधिक हो तो आईसी को बीसी के बराबर माना जाएगा।

जहाँ, सुनिश्चित भुगतान, आईसी, बीसी और एफडब्ल्यू लागू विनियमों के अनुसार होंगे ।

(ख) प्रतिनिधि वार्षिकी राशि = व्यक्तिगत कॉर्पस x (1- अंतिम निकासी प्रतिशत) x (प्रतिनिधि वार्षिकी दर) / (12 x 100)।

आईसी का मूल्य बीसी से ज्यादा होने पर, आईसी को बीसी के बराबर माना जाएगा ।

आगामी वेतन आयोग के कार्यान्वयन के बाद अधिवर्षिता या सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के संबंध में महंगाई राहत, जैसा भी मामला हो, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

महंगाई राहत केवल 7वें वेतन आयोग की दरों के अनुसार 1 जनवरी 2016 से प्रभावी होगी।

टॉप-अप राशि गणना के दृष्टांत संबंधी उदाहरण अनुसूची VII के तहत दिए गए हैं।

(5) ऐसे अधिवर्षित या सेवानिवृत्त कर्मचारी जो दिनांक 31 मार्च 2025 तक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और मासिक टॉप-अप के स्थान पर सुनिश्चित भुगतान का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें यह विकल्प उपलब्ध होगा कि वे आंशिक निकासी के कारण हुई कमी की प्रतिपूर्ति करें, यदि कोई हो, और इसे बेंचमार्क कॉर्पस के बराबर करें। यह प्रतिपूर्ति अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर की जाएगी। प्रतिपूर्ति की जाने वाली राशि की गणना विकल्प अपनाने की तिथि पर इकाइयों के एनएवी दर के अनुसार की जाएगी।

(6) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट, यूपीएस भुगतान आदेश में निहित लाभों की पूल कॉर्पस से स्वीकृति और विमोचन को अधिकृत करेगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट यह सुनिश्चित करेगा कि पूल कॉर्पस से यूपीएस अभिदाता के बैंक खाते में मासिक टॉप-अप राशि का भुगतान किया जाए और समय-समय पर लागू महंगाई राहत जारी की जाए। इस उद्देश्य के लिए, सीआरए पेंशन निधि को पूल कॉर्पस से निधियों के विमोचन का निर्देश देगा, ताकि अभिदाता को उक्त भुगतान किया जा सके।

23. पात्र कर्मचारी द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से सेवानिवृत्ति या अधिवर्षित के लिए दावा प्रस्तुत करना. - (1) प्रत्येक कार्यालय प्रमुख को प्रत्येक तीन महीने में अर्थात् प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को उन सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की सूची तैयार करनी होगी, जो संबंधित तारीख से अगले बारह महीनों के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं और जो यूपीएस के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट इस सूची की एक प्रति संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारी को, क्रमशः 31 जनवरी, 30 अप्रैल, 31 जुलाई या 31 अक्टूबर तक उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

(3) वेतन एवं लेखा अधिकारी को उप-विनियम (1) के अंतर्गत शामिल कर्मचारियों की सेवा अभिलेखों को अद्यतन रखना होगा।

(4) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, अपने सिस्टम लॉगिन के माध्यम से आहरण एवं संवितरण अधिकारी और वेतन एवं लेखा अधिकारी को उन सेवानिवृत्त या अधिवर्षित कर्मचारियों द्वारा किए गए आंशिक निकासी (यदि कोई हो), व्यक्तिगत कॉर्पस और बेंचमार्क कॉर्पस के मूल्य की जानकारी उपलब्ध कराएगा, जो सेवानिवृत्ति/ अधिवर्षिता की तारीख पर लागू होगी।

(5) आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय प्रमुख से आवश्यक विवरण प्राप्त करने के बाद केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण सिस्टम में अभिलेखों को अद्यतन करेगा और इसे वेतन एवं लेखा अधिकारी को इस प्रणाली में प्रमाणीकरण के लिए अग्रेषित करेगा।

(6) कार्यालय प्रमुख द्वारा अभिदाता के विवरण के सत्यापन के आधार पर, वेतन एवं लेखा अधिकारी यूपीएस भुगतान आदेश जारी करेगा, जैसा कि फॉर्म बी 1, बी 3 या बी 5 (जो भी लागू हो) के अनुसार होगा, जिसमें विनियम 20 के तहत निर्दिष्ट विवरण शामिल होंगे।

(7) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा यूपीएस भुगतान आदेश प्राप्त होने पर, तथा यूपीएस अभिदाता द्वारा अंतिम निकासी (यदि कोई हो) का विकल्प प्रस्तुत किए जाने पर, इन विनियमों के तहत निर्दिष्ट यूपीएस लाभ जारी करने और व्यक्तिगत कॉर्पस की शेष राशि को पूल कॉर्पस में स्थानांतरित करने के लिए अधिकृत किया जाएगा।

(8) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास यह सुनिश्चित करेगा कि पूल कॉर्पस से यूपीएस अभिदाता के बैंक खाते में मासिक भुगतान किया जाए और लागू महंगाई राहत का समय-समय पर संवितरण किया जाए। इस उद्देश्य के लिए, केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, पेंशन निधि को पूल कॉर्पस से भुगतान हेतु मोचन प्रभावी करने के लिए सूचित करेगा।

अध्याय IX

मध्यवर्तियों और अन्य संस्थाओं की भूमिका

24. एकीकृत पेंशन योजना को लागू करने वाले मध्यवर्ती और संस्थाएं. - (1) एकीकृत पेंशन योजना को प्राधिकरण के साथ पंजीकृत ऐसे मध्यवर्तियों द्वारा, अर्थात् राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट, पेंशन निधि, केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, ट्रस्टी बैंक और प्रतिभूतियों का कस्टोडियन/अभिरक्षक और अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा किए गई पंजीकरण और विशिष्ट विनियमों के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली स्थापत्य के माध्यम से लागू किया जाएगा, जो ऐसे पंजीकरण की अवधि के दौरान ऐसे मध्यवर्तियों को एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियां करने में सक्षम बनाएगा। केंद्र सरकार के नोडल कार्यालय जिनमें वेतन और लेखा अधिकारी, आहरण और संवितरण अधिकारी और चेक आहरण और संवितरण अधिकारी शामिल हैं, भी इसके कार्यान्वयन प्रक्रिया का हिस्सा होंगे।

(2) कार्यान्वयन प्रक्रिया में शामिल संस्थाएं अपनी भूमिकाओं, कर्तव्यों, दायित्वों और जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिनियम, नियमों, विनियमों और केंद्र सरकार और प्राधिकरण के किसी भी निर्देश और विनिर्देशों की स्थिति के अनुसार करेंगी ।

(3) विशिष्ट विनियमों के अंतर्गत, जिसके अंतर्गत ऐसे मध्यवर्ती को प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत किया गया है, उसके अंतर्गत निर्धारित आचार संहिता के अनुपालन और उसके कार्यों के निर्वहन में अभिदाताओं के प्रति विभिन्न दायित्वों का पालन इन विनियमों के अंतर्गत यथोचित परिवर्तन सहित लागू होगा।

(4) अभिदाताओं को निकासी सहित लाभ का भुगतान करने वाले मध्यवर्तियों सहित निकासी और जो ऐसे भुगतान को प्रभावी करने के लिए जानकारी और निर्देश रखते हैं और प्रदान करते हैं, वे अपनी गतिविधियों को अत्यंत सतर्कता से संचालित करेंगे और अनधिकृत लेनदेन को रोकने के उपाय करेंगे। ऐसे मध्यवर्तियों का यह कर्तव्य होगा कि वे किसी भी प्रकार से अभिदाताओं को कोई भी हानि या पक्षपात करते हुए किसी भी धोखाधड़ी या कुप्रबंधन को रोकें। इस उद्देश्य के लिए, मध्यवर्ती उपयुक्त प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षित मानव संसाधन तैनात करेगा। प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों की जिम्मेदारी संबंधित मध्यवर्ती द्वारा दायित्व का निर्वहन करने की समग्र जिम्मेदारी होगी।

स्पष्टीकरण : "प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों" का वही अर्थ होगा जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है।

(5) एक मध्यवर्ती अपने सिस्टम और उपायों को उचित रूप से सुनिश्चित करेगा, अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के अनुरूप, ताकि किसी भी धोखाधड़ी या कुप्रबंधन को रोका जा सके और अभिदाताओं को किसी भी प्रकार की हानि, या तो मौद्रिक या गैर-मौद्रिक प्रकृति से बचा जा सके। इस उद्देश्य के लिए, मध्यवर्ती समय-समय पर जांच करेगा और अपने प्रबंधन को रिपोर्ट करेगा और उसके बाद अपने अनुपालन अधिकारी के माध्यम से प्राधिकरण को रिपोर्ट करेगा। संबंधित मध्यवर्ती के अलावा, यूपीएस के कार्यान्वयन में शामिल अन्य संस्थाएं भी उपयुक्त प्रणालियों और प्रक्रियाओं को तैयार करेंगी ताकि अभिदाताओं और केंद्र सरकार को किसी भी पूर्वाग्रह से बचाया जा सके।

(6) मध्यवर्तियों और संस्थाओं को एक-दूसरे के साथ निकट समन्वय करके और ऐसी सुविधाओं और सूचनाओं को साझा करके अभिदाताओं को आवश्यक सेवाओं का निर्बाध प्रावधान सुनिश्चित करना होगा । राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट इस तरह के आवश्यक समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा ।

(7) जहां मध्यवर्ती या संस्था द्वारा कोई चूक या उल्लंघन देखा गया है, वह तुरंत सुधारात्मक उपाय करेगा और अभिदाता या अभिदाताओं के किसी भी समूह को हुए किसी भी पूर्वाग्रह को, जिसमें उपयुक्त प्रतिपूर्ति या मुआवजा का प्रावधान भी शामिल है, जैसे कि ऐसा अभिदाता किसी भी प्रकार से प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं हुआ हो, प्राधिकरण द्वारा शुरू की जा सकने वाली किसी भी कार्यवाही के बावजूद दूर करेगा ।

(8) एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत सेवाओं के प्रावधान के लिए मध्यवर्ती के कार्य, भूमिकाएं, कर्तव्य, दायित्व और जिम्मेदारियां अधिनियम, नियमों और प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित अन्य विनियमों के अंतर्गत निर्धारित उसके कार्यों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के अतिरिक्त होंगे और उनसे कम नहीं होंगे।

25. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास. - (1) एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियां करने वाला राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट, ट्रस्ट विलेख और पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट) विनियम, 2015, सहित आचार संहिता का अनुपालन करेगा।

(2) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट) विनियम, 2015 के अध्याय III के अंतर्गत प्रदान की गई अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन ऐसे करेगा, जैसे कि ऐसे विनियमों में "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" का संदर्भ "एकीकृत पेंशन योजना" को भी शामिल हो।

(3) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के बोर्ड और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की शक्तियां, कार्य और दायित्व, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट) विनियम, 2015 के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले इन विनियमों के अंतर्गत प्रदान किए गए अनुसार, एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियों तक भी स्वतः ही विस्तारित होंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी और ट्रस्ट के बोर्ड की इन विनियमों के अंतर्गत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट के दायित्व का निर्वहन करने की समग्र जिम्मेदारी होगी।

(4) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास यूपीएस के कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियाँ निम्नलिखित विनियमों के अनुसार करेगा, जिनमें शामिल हैं :

(i) केंद्र सरकार के पीएओ द्वारा जारी यूपीएस भुगतान आदेश के समुचित सत्यापन के पश्चात यूपीएस लाभों की स्वीकृति जारी करना;

(ii) पूल कॉर्पस से यूपीएस अभिदाता या कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी, जो भी लागू हो, के बैंक खाते में मासिक भुगतान जारी करने तथा समय-समय पर लागू महंगाई राहत जारी करने की स्वीकृति देना;

(iii) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण को समय-समय पर लागू महंगाई राहत जारी करने हेतु निर्देश प्रदान करना;

(iv) मासिक भुगतान जारी करने हेतु सीआरए प्रणाली में वैध जीवन प्रमाण-पत्र की उपलब्धता की जाँच करना;

(v) यूपीएस अभिदाता के निधन पर सुनिश्चित भुगतान को कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी को हस्तांतरित करने की स्वीकृति देना;

(vi) यूपीएस योजना लेखांकन का पृथक्करण सुनिश्चित करना;

(vii) पूल कॉर्पस से सुनिश्चित भुगतान का समकालिक लेखा-परीक्षण करना तथा परिसंपत्ति-देयता प्रबंधन के लिए इसकी निगरानी करना;

(viii) यूपीएस कार्यान्वयन में संलग्न मध्यवर्तियों एवं अन्य संस्थाओं के बीच समन्वय सुनिश्चित करना तथा ऐसी गतिविधियों की निगरानी करना;

(ix) प्राधिकरण एवं केंद्र सरकार को आवश्यकतानुसार पर्याप्त एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना; तथा

(x) प्राधिकरण द्वारा निर्देशित अन्य कोई कार्य या गतिविधियों को पूरा करना।

26. केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण. - (1) एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियां करने वाली केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 के अंतर्गत प्रदान किए गए पंजीकरण की शर्तों और नियमों का पालन करेगी, जिसमें आचार संहिता और उपयुक्त और उचित मानदंड शामिल हैं।

(2) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 के अध्याय III के अंतर्गत प्रदान की गई अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन वैसे ही करेगी, जैसे कि उन विनियमों में "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" के संदर्भ को एनपीएस के तहत "एकीकृत पेंशन योजना" विकल्प तक भी विस्तारित किया गया हो |

(3) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण संबंधित मध्यवर्तियों और अभिदाताओं द्वारा एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियों को सुगम बनाने के लिए उपयुक्त, पर्याप्त और गतिशील प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा, सिस्टम, कार्यप्रणाली और प्रक्रियाएं विकसित करेगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :

(i) नामांकन और चिह्नित करने योग्य एकीकृत पेंशन योजना खाता यूपीएस अभिदाताओं के लिए;

(ii) यूपीएस अभिदाताओं को अनुमेय विकल्प सक्षम करना;

(iii) एकीकृत पेंशन योजना को लागू करने के लिए मध्यवर्तियों और संस्थाओं को सिस्टम/फॉर्म प्रदान करना;

(iv) एकीकृत पेंशन योजना कैलकुलेटर डिजाइन करना और प्रदान करना;

(v) यूपीएस अभिदाता, मध्यवर्तियों और एकीकृत पेंशन योजना के कार्यान्वयन में शामिल अन्य संस्थाओं को सूचना प्रसारित करना;

(vi) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को एकीकृत पेंशन योजना भुगतान आदेश संगणक और सत्यापित करने में सक्षम बनाना;

(vii) सुनिश्चित भुगतान के लिए गतिविधियां करना;

(viii) वार्षिक आधार पर उपयुक्त जीवन प्रमाण-पत्र प्राप्त करना और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को रिपोर्ट देना;

(ix) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास और प्राधिकरण को आवधिक रिपोर्टिंग;

(x) बेंचमार्क कॉर्पस के साथ व्यक्तिगत कॉर्पस की तुलना;

(xi) पूल कॉर्पस का समन्वयन;

(xii) एकीकृत पेंशन योजना भुगतान आदेश का रिकॉर्ड रखना;

(xiii) महंगाई राहत का रिकॉर्ड रखना और सुनिश्चित भुगतान पर इसका आवेदन;

(xiv) संपत्ति-देयता प्रबंधन के लिए पेंशन निधि को एकीकृत आधार पर यूपीएस अभिदाताओं का डेटा प्रदान करना;

(xv) विनियम 18 के अनुसार आंशिक निकासी अधिकारों का प्रमाणीकरण; और

(xvi) प्राधिकरण द्वारा निर्देशित कोई अन्य कार्य और गतिविधियां।

(4) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण प्राधिकरण द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर एकीकृत पेंशन योजना को संचालन में लाने के लिए अपने सिस्टम में आवश्यक सिस्टम डिज़ाइन और कार्यक्षमता विकसित करेगी और पर्याप्त तकनीकी प्लेटफॉर्म बनाए रखेगा।

(5) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण द्वारा नियुक्त केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के प्रबंधन, अनुपालन अधिकारी और प्रधान अधिकारी के दायित्व, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले इन विनियमों के अंतर्गत प्रदान किए गए दायित्व, एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियों तक भी स्वतः ही विस्तारित होंगे।

(6) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण) विनियम, 2015 की अनुसूची III, संशोधनों सहित, के प्रावधानों का पालन करेगी, जो बुनियादी ढांचा आवश्यकताओं से संबंधित है, तथा जो एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए आवश्यक हैं।

27. पेंशन निधि. - (1) एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियों का संचालन करने वाला पेंशन निधि पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 के अंतर्गत प्रदान किए गए पंजीकरण की शर्तों और नियमों का पालन करेगा।

(2) पेंशन निधि, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 के अध्याय III और अध्याय IV के अंतर्गत प्रदान की गई अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा, जैसे कि ऐसे विनियमों में "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" का संदर्भ "एकीकृत पेंशन योजना" को भी शामिल करेगा।

(3) पेंशन निधि के प्रबंधन, अनुपालन अधिकारी और प्रमुख कार्मिकों के दायित्व, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले इन विनियमों के अंतर्गत प्रदान किए गए के अनुसार, एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत गतिविधियों तक भी स्वतः ही विस्तारित होंगे।

(4) पेंशन निधि, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम, 2015 की अनुसूची VI के प्रावधानों का पालन करेगा, ऐसे संशोधनों के साथ जो एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत अपनी गतिविधियां करने के लिए आवश्यक हैं।

(5) पेंशन निधि एकीकृत पेंशन योजना के कार्यान्वयन के लिए गतिविधियां करेगा, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

(i) एकीकृत पेंशन योजना के लिए अलग निवेश स्कीम और लेखा-बहियों का रखरखाव;

(ii) केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण के निर्देशों के आधार पर पूल कॉर्पस से सुनिश्चित भुगतान का निष्पादन;

(iii) पूल कॉर्पस का तरलता प्रबंधन;

(iv) पोर्टफोलियो उद्देश्य के साथ पूल कॉर्पस का प्रबंधन;

(v) प्राधिकरण द्वारा निर्देशित कोई अन्य कार्य और गतिविधियां।

28. ट्रस्टी बैंक. - (1) यूपीएस के तहत गतिविधियाँ करने वाला ट्रस्टी बैंक, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (ट्रस्टी बैंक) विनियम, 2015 के तहत निर्धारित पंजीकरण की शर्तों एवं नियमों का अनुपालन करेगा, जिसमें आचार संहिता तथा उपयुक्त तथा उचित होने के मापदंड शामिल हैं।

(2) ट्रस्टी बैंक, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (ट्रस्टी बैंक) विनियम, 2015 के अध्याय III के तहत उल्लिखित अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन उसी प्रकार करेगा, जैसे कि इन विनियमों में "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" का संदर्भ "एनपीएस के तहत एकीकृत पेंशन प्रणाली" विकल्प तक विस्तृत हो।

(3) ट्रस्टी बैंक द्वारा नियुक्त प्रबंधन, अनुपालन अधिकारी एवं प्रधान अधिकारी की जिम्मेदारियाँ, जो पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (ट्रस्टी बैंक) विनियम, 2015 के अंतर्गत निर्धारित हैं, इन विनियमों के तहत यूपीएस से संबंधित गतिविधियों पर स्वतः ही लागू होंगी।

(4) ट्रस्टी बैंक यूपीएस के तहत अपनी गतिविधियाँ संचालित करने के लिए आवश्यक संशोधनों सहित अवसंरचना आवश्यकताओं से संबंधित अपने दायित्वों का पालन करेगा।

29. प्रतिभूतियों का कस्टोडियन (अभिरक्षक). - (1) यूपीएस के तहत गतिविधियाँ करने वाला प्रतिभूतियों का अभिरक्षक, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (प्रतिभूतियों का अभिरक्षक) विनियम, 2015 के तहत निर्धारित पंजीकरण की शर्तों एवं नियमों का अनुपालन करेगा, जिसमें आचार संहिता तथा उपयुक्त तथा उचित होने के मापदंड भी शामिल हैं।

(2) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (प्रतिभूतियों का अभिरक्षक) विनियम, 2015 के अध्याय III में उल्लिखित अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का उसी प्रकार निर्वहन करेगा, जैसे कि इन विनियमों में "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" का संदर्भ "एनपीएस के तहत एकीकृत पेंशन प्रणाली" विकल्प तक विस्तृत हो।

(3) प्रतिभूतियों के अभिरक्षक द्वारा नियुक्त प्रबंधन, अनुपालन अधिकारी एवं प्रधान अधिकारी की जिम्मेदारियाँ, जो पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (प्रतिभूतियों का अभिरक्षक) विनियम, 2015 के अंतर्गत निर्धारित हैं, इन विनियमों के तहत यूपीएस से संबंधित गतिविधियों पर स्वतः ही लागू होंगी।

(4) प्रतिभूतियों का अभिरक्षक, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (प्रतिभूतियों का अभिरक्षक) विनियम, 2015 के अनुसूची IV में उल्लिखित अवसंरचना आवश्यकताओं से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन करेगा, जिसमें यूपीएस के तहत अपनी गतिविधियाँ संचालित करने के लिए आवश्यक संशोधन भी शामिल होंगे।

अध्याय X

शुल्क और प्रभार

30. शुल्क और प्रभार. : सभी मध्यवर्तियों को सेवाओं के प्रावधान के लिए ऐसी शुल्क और प्रभार एकत्र करने का अधिकार होगा जो प्राधिकरण द्वारा निर्धारित पद्धति से और सीमाओं के अध्यधीन होंगे। केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण, पूल कॉर्पस से भुगतान चरण में यूपीएस अभिदाताओं को सेवाओं के संबंध में प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित सीमाओं के भीतर प्रभार वसूल करने का हकदार होगा।

31. विनियामक शुल्क. : मध्यवर्ती प्राधिकरण द्वारा निर्धारित इन विनियमों के अंतर्गत गतिविधियों को करने के लिए, प्राधिकरण को ऐसे शुल्क और उस पर लागू करों का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। शुल्क के भुगतान में देरी के मामले में, मध्यवर्ती प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दरों पर साधारण ब्याज या उस पर लागू करों के साथ किसी विलंब शुल्क के भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा।

अध्याय XI

मध्यवर्तियों द्वारा चूक या कृताकृत्य के मामले में कार्रवाई

32. चूक या कृताकृत्य के मामले में कार्रवाई. - (1) किसी भी मध्यवर्ती द्वारा किसी भी कार्य या चूक या कृताकृत्य के मामले में जो प्रथम दृष्टया अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, या नियम या यह विनियम या किसी अन्य नियम या विनिर्देश, निर्देश या अधिसूचनाएं या तो केंद्र सरकार द्वारा या प्राधिकरण द्वारा, एकीकृत पेंशन योजना के प्रावधान के संबंध में, या एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत अभिदाताओं के हितों के लिए हानिकारक माना जाता है, ऐसे मध्यवर्ती के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कारवाई की जाएगी, इन विनियमों और उक्त मध्यवर्ती पर लागू ऐसे अन्य विशिष्ट विनियमों के अंतर्गत, जिसके अंतर्गत इसे प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण प्रदान किया गया है।

(2) उक्त मध्यवर्ती पर लागू विशिष्ट नियमों के प्रावधान, जो पंजीकरण प्रमाण-पत्र के निलंबन या निरस्तीकरण और चूक या कृताकृत्य के मामले में कार्रवाई से संबंधित हैं, उपनियम (1) में उल्लिखित कार्यवाहियों के संबंध में यथोचित परिवर्तन सहित लागू होंगे।

(3) उपनियम (1) के अंतर्गत कार्यवाही किसी भी कार्रवाई को प्रभावित किए बिना होगी जो प्राधिकरण पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (अधिनिर्णयन अधिकारी द्वारा जांच की प्रक्रिया) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत शुरू कर सकता है।

(4) संबंधित मध्यवर्ती के अलावा, कोई भी व्यक्ति जो ऐसे मध्यवर्ती से जुड़ा हुआ है और एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत सेवाओं के प्रावधान के लिए प्रभारी और जिम्मेदार है, जिसमें प्रधान अधिकारी और अनुपालन अधिकारी शामिल हैं, से संबंधित कारवाई की जाएगी।

(5) उप-विनियम (1) और उप-विनियम (2) के प्रावधानों के होते हुए भी, एकीकृत पेंशन योजना के कार्यान्वयन में शामिल किसी भी इकाई का आचरण, जो प्रथम दृष्टया इन विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, की रिपोर्ट प्राधिकरण द्वारा उचित कार्रवाई करने के लिए केंद्र सरकार को दी जाएगी।

अध्याय XII

निरीक्षण और लेखा परीक्षा

33. निरीक्षण और लेखा परीक्षा. - (1) इन विनियमों के अंतर्गत की गई गतिविधियों के संबंध में किसी भी मध्यवर्ती का निरीक्षण और लेखापरीक्षा विशिष्ट नियमों के प्रावधानों के अनुसार होगी, जो उक्त मध्यवर्ती पर लागू होती है, जिसके अंतर्गत इसे प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण प्रदान किया गया है। निरीक्षण और लेखा परीक्षा से संबंधित प्रासंगिक प्रावधान इस तरह के मामले में यथोचित परिवर्तनों के साथ लागू होंगे।

(2) उप-विनियम (1) के प्रावधानों को प्रभावित किए बिना, केंद्र सरकार या प्राधिकरण, इन विनियमों के अंतर्गत किसी भी मध्यवर्ती की गतिविधियों या एकीकृत पेंशन योजना के कार्यान्वयन में शामिल किसी अन्य इकाई के संबंध में कोई विशेष निरीक्षण या लेखा-परीक्षा करा सकता है, एकीकृत पेंशन योजना के व्यवस्थित संचालन और कार्यान्वयन को सुरक्षित करने के लिए या एकीकृत पेंशन योजना के अंतर्गत अभिदाताओं के हित में, प्राधिकरण ऐसे विशेष निरीक्षण या लेखा-परीक्षा के संचालन के लिए कोई भी उपयुक्त तंत्र तैयार कर सकता है।

अध्याय XIII

विविध

34. अभिदाता की शिकायतों का निवारण. - पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (अभिदाता की शिकायतों का निवारण) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार अभिदाताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा, और

मध्यवर्ती के पास उक्त विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अभिदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए उपयुक्त तंत्र होगा।

35. गोपनीयता. – मध्यवर्ती अपने कामकाज के दौरान प्राप्त या अर्जित किए गए सभी रिकॉर्ड, डेटा और सूचनाओं के संबंध में पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेगा। मध्यवर्ती अद्यतन साइबर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करेगा और हर समय डेटा के उल्लंघन को रोकेगा। वह प्राधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ऐसे डेटा या सूचना को साक्ष्य के रूप में, या किसी अन्य उद्देश्य के लिए, कानून की नियमानुसार प्रक्रिया के अलावा, उत्पादित या साझा नहीं करेगा।

36. हितों का टकराव. – मध्यवर्ती, किसी भी प्रकार के हितों के टकराव से बचेगा और अपने हित का पर्याप्त प्रकटीकरण करेगा और किसी भी हित-टकराव की स्थिति को हल करने के लिए एक तंत्र लागू करेगा जो उसके व्यवसाय के संचालन में उत्पन्न हो सकता है या जहां कोई हित-टकराव उत्पन्न होता है, इसे समान रूप से हल करने के लिए उचित कदम उठाएगा। मध्यवर्ती, प्राधिकरण को अपने संभावित स्रोत या हितों के संभावित क्षेत्रों के टकराव का उचित प्रकटीकरण करेगा, जो ऐसे मध्यवर्ती के रूप में कार्य करते हुए जो निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष सेवाएं प्रदान करने की उसकी क्षमता को प्रभावित करेगा।

37. अनुपालन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस. – (1) मध्यवर्ती यह सुनिश्चित करेगा कि श्रेष्ठ कॉर्पोरेट नीतियां और कॉर्पोरेट गवर्नेंस लागू हो। वह किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी और छेड़छाड़ वाले लेनदेन में शामिल नहीं होगा और किसी भी अनुचित प्रतिस्पर्धा में शामिल नहीं होगा, जिसमें प्राधिकरण के अन्य मध्यवर्ती को प्रेरित करने के लिए अनुचित साधनों का सहारा लेना शामिल है, जो अन्य मध्यवर्ती या अभिदाता के हितों को नुकसान पहुंचाने की संभावना रखता है या किसी भी असाइनमेंट के लिए प्रतिस्पर्धा करते समय या उसे निष्पादित करते समय ऐसे अन्य मध्यवर्ती को एक प्रतिकूल स्थिति में रखने की संभावना रखता है।

(2) मध्यवर्ती यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और आवश्यक कदम उठाएगा कि डेटा और रिकॉर्ड रखरखाव में निरंतरता बनी रहे और डेटा या रिकॉर्ड न तो खोएं या न नष्ट हों। यह भी सुनिश्चित करेगा कि इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और डेटा के लिए, उसके साथ हमेशा अद्यतित बैकअप उपलब्ध हो।

(3) मध्यवर्ती प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करेगा, और प्राधिकरण द्वारा नामित किसी भी व्यक्ति या इकाई के साथ सहयोग करेगा, जैसा और जब आवश्यक हो और प्राधिकरण को प्रस्तुत किए गए किसी भी दस्तावेज, रिपोर्ट, कागजात या सूचना में कोई भी असत्य कथन नहीं करेगा या किसी भी सूचना या तथ्य को नहीं छुपाएगा या प्राधिकरण या अन्य एजेंसियों, जिसके साथ इसे पंजीकृत किया गया है, की उपेक्षा नहीं करेगा या अस्वीकार नहीं करेगा या इनकार नहीं करेगा या, ऐसी पुस्तकें, दस्तावेज, पत्राचार और कागजात या उसके किसी भी भाग को मांग या अनुरोध के रूप में जो समय-समय पर माँगा जा सकता है, के लिए इनकार नहीं करेगा ।

(4) मध्यवर्ती यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी पंजीकरण स्थिति में कोई भी परिवर्तन या प्राधिकरण द्वारा की गई कोई भी दंडात्मक कार्रवाई या वित्तीय मामलों में कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन जो अन्य मध्यवर्तियों या अभिदाताओं के हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है, प्राधिकरण को तुरंत सूचित किया जाए और शेष कोई भी व्यवसाय प्राधिकरण के किसी भी निर्देश के अनुसार और संबंधित नियमों के प्रावधानों के अनुसार किसी अन्य पंजीकृत व्यक्ति को स्थानांतरित कर दिया जाए।

38. स्पष्टीकरण जारी करने की प्राधिकरण की शक्ति. – इन विनियमों के कार्यान्वयन, अनुप्रयोग या व्याख्या में किसी भी कठिनाई को दूर करने के लिए, प्राधिकरण द्वारा स्पष्टीकरण, विनिर्देश, दिशानिर्देश और परिपत्र जारी किये जा सकते हैं।

अनुसूची I

[विनियम 4, 19, 20 और 23 देखें]

अनुसूची I में निहित प्रपत्रों का सारांश

क्र.सं.	विवरण	फॉर्म
1	एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत शामिल होने और इसका लाभ प्राप्त करने के लिए विकल्प का चयन (दिनांक 1 अप्रैल 2025 को या उसके बाद नवनियुक्त कर्मचारी)	A1
2	केंद्र सरकार के ऐसे अर्ह कर्मचारी, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के मौजूदा अभिदाता हों, द्वारा एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत शामिल होने के लिए विकल्प का चयन	A2
	अभिदाता द्वारा किए जाने वाले दावे	
3	दावा और भुगतान फॉर्म : एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता जो दिनांक 1 अप्रैल 2025 को या उसके बाद अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुआ हो	B1
4	दावा और भुगतान फॉर्म : एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता जो दिनांक 31 मार्च 2025 को या उससे पहले अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुआ हो	B2
	जीवनसाथी द्वारा किए जाने वाले दावे (मृत्यु के मामले)	
5	दावा और भुगतान फॉर्म : दिवंगत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता, जो दिनांक 1 अप्रैल 2025 को या उसके बाद अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुआ हो और यूपीएस लाभ के लिए पात्र हो और अभिदाता ने पहले ही यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त कर लिए हों, के जीवनसाथी द्वारा भरे जाने वाला फॉर्म	B3
6	दावा और भुगतान फॉर्म : दिवंगत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता, जो दिनांक 31 मार्च 2025 को या उससे पहले अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुआ हो और यूपीएस लाभ के लिए पात्र हो और अभिदाता ने पहले ही यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त कर लिए हों, के जीवनसाथी द्वारा भरे जाने वाला फॉर्म	B4
7	दावा और भुगतान फॉर्म : दिवंगत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता, जो दिनांक 1 अप्रैल 2025 को या उसके बाद अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुआ हो और यूपीएस लाभ के लिए पात्र हो और अभिदाता ने पहले यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त नहीं किए हों, के जीवनसाथी द्वारा भरे जाने वाला फॉर्म	B5
8	दावा और भुगतान फॉर्म : दिवंगत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता, जो दिनांक 31 मार्च 2025 को या उससे पहले अधिवर्षित या सेवानिवृत्त हुआ हो और यूपीएस लाभ के लिए पात्र हो और अभिदाता ने पहले यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त नहीं किए हों, के जीवनसाथी द्वारा भरे जाने वाला फॉर्म	B6

फॉर्म A1

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) - अभिदाता पंजीकरण फॉर्म - सरकारी क्षेत्र
एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत शामिल किए जाने वाले विकल्प का प्रयोग और इसके अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए

सीआरए का नाम						**3.5 सेमी x 2.5 सेमी आकार/पासपोर्ट आकार की वर्तमान तस्वीर चिपकाएं (न हस्ताक्षर/ न स्टेपल/ न क्लिप करें)**
मेरा पीआरएएन हिंदी में प्रिंट करें		हाँ		नहीं	यदि हाँ, तो कृपया अनुबंध I के अनुसार विवरण प्रस्तुत करें	
अपनी श्रेणी चुनें [कृपया चिह्नित करें (✔)]					केंद्र सरकार	
सेवा में, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट महोदय / महोदया,						

मैं, ... श्री/श्रीमती.....का पुत्र/पुत्री, जिसने..... को केंद्र सरकार की सेवा में प्रवेश किया है और मैंने केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या एफ.सं. एफएक्स-1/3/2024-पीआर, दिनांक 24/01/2025 और पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025, समय-समय पर यथासंशोधित, द्वारा अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के प्रावधानों को पढ़ और पूरी तरह से समझ लिया है और एकीकृत पेंशन योजना का विकल्प चुनने के लिए पात्र होने के कारण, मैं एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत शामिल किए जाने का विकल्प चुनता/चुनती हूँ। इसके अलावा, मैं स्वीकार करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रयोग किया गया यह विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा। मैं अनुरोध करता/करती हूं कि नीचे दिए गए विवरण के अनुसार मेरे नाम पर एक यूपीएस खाता खोला जाए :

* अनिवार्य क्षेत्रों को इंगित करता है। कृपया अंग्रेजी और ब्लॉक अक्षरों में फॉर्म भरें (निर्देश पृष्ठ पर सामान्य दिशानिर्देश देखें।

1. व्यक्तिगत विवरण : (निर्देशों का क्रम संख्या 1 देखें) *अनुलग्नक II का उपयोग करें यदि नाम नीचे दिए गए स्थान से अधिक स्थान ले*

अभिवादन (शीर्षक)*		श्री		श्रीमती		कुमारी	
आवेदक का नाम*							
पिता का नाम							
माता का नाम							
अनाथ होने की स्थिति*		हाँ		नहीं			
पिता या माता का नाम अनिवार्य है* पीआरएएन कार्ड पर प्रदर्शित होने वाला नाम चुनें*				पिता का नाम		माता का नाम	
जन्म तिथि*	d d M M y y y y						
जन्म स्थान*							
देश, जहाँ जन्म हुआ हो*							
पीएएन*				राष्ट्रीयता*			
आवेदक लिंग*		पुरुष		महिला		ट्रांसजेंडर		अविवाहित		विवाहित

						वैवाहिक स्थिति*					
कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी का लिंग *(यदि विवाहित है)**		पुरुष		महिला		ट्रांसजेंडर	कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी जन्मतिथि (यदि विवाहित है)*				
कानूनी रूप से विवाहित पति/पत्नी का नाम (यदि विवाहित है)*											
आय सीमा (प्रति वर्ष)*		1 लाख से कम		1 लाख से 5 लाख		5 लाख से 10 लाख	10 लाख से 25 लाख		25 लाख से 1 करोड़		1 करोड़ से ज्यादा
कृपया चिह्नित करें, यदि लागू हो		राजनैतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति				राजनैतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति से संबंधित			(निर्देश संख्या 1 देखें)		

2. पहचान और पते का प्रमाण (पीओआई/पीओए)* (निम्नलिखित में से कोई एक प्रस्तुत किया जाना है)

पासपोर्ट		पासपोर्ट की समाप्ति तिथि	
ड्राइविंग लाइसेंस		ड्राइविंग लाइसेंस की समाप्ति तिथि	
सरकारी आईडी कार्ड		वोटर आईडी कार्ड	
सीकेवाईसी नंबर			
राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर			
आधार का प्रमाण		अंतिम चार अंक प्रदान करें। प्रस्तुत प्रति पर आधार संख्या के पहले 8 अंकों को हटा दें या ब्लैक-आउट करें (निर्देश का क्रम संख्या 2 देखें)	

3. पता विवरण*

लाइन 1			
लाइन 2			
जिला		राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	
देश		पिन कोड	

4. संपर्क विवरण*

मोबाइल*		एसटीडी कोड सहित टेलीफोन	
ईमेल आईडी*			

5. बैंक विवरण* (प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण - निर्देशों का क्रम संख्या 3 देखें)

खाते का प्रकार		बचत खाता	वर्तमान खाता
बैंक खाता संख्या			
बैंक का नाम		आईएफएस कोड	

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि, प्रदान किए गए बैंक खाते का विवरण वेतन बैंक खाता है।

6. पेंशन निधि (पीएफ) और निवेश विकल्प का चयन * (निर्देशों का क्रम संख्या 4 देखें)		
कृपया चिह्नित करें (√) एक		**डिफ़ॉल्ट पैटर्न (पेंशन फंड और डिफ़ॉल्ट निवेश पैटर्न)**
		मैं अपना पेंशन फंड और निवेश विकल्प स्वयं चुनना चाहता/चाहती हूं (कृपया नीचे चयन करें)

पेंशन फंड (कृपया चिह्नित करें (√) एक)				**निवेश विकल्प** (कृपया चिह्नित करें (√) एक)		
	आदित्य बिरला सनलाइफ पेंशन मैनेजमेंट लिमिटेड		एक्सिस पेन्शन फण्ड **मैनेजमेंट** लिमिटेड			
	डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड		एचडीएफसी पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड	सक्रिय विकल्प (यानी सरकारी प्रतिभूतियों में 100%)		
	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड्स मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड		कोटक महिंद्रा पेंशन फंड लिमिटेड	या		
	एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड		मैक्स लाइफ पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड	ऑटो विकल्प	**कंजर्वेटिव** (LC25)	
	एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड		टाटा पेंशन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड		**मॉडरेट (मध्यम)** (LC50)	
	यूटीआई पेंशन फंड लिमिटेड					

यदि कोई पैटर्न (पेंशन फंड, निवेश विकल्प) नहीं चुना जाता है, तो अंशदान डिफ़ॉल्ट पैटर्न के अनुसार निवेश किया जाएगा

7. एफएटीसीए* (FATCA) **(विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम) और सीआरएस घोषणा (अनुदेश की क्रम संख्या 5 देखें):**			
मैं भारत का कर-निवासी हूं और किसी अन्य देश का निवासी नहीं हूं		मैं निम्नलिखित देश का कर निवासी हूं	
अमेरिकी नागरिक		हाँ	नहीं

विवरण		देश (1)	देश (2)	देश (3)
टैक्स रेजीडेंसी का/के देश				
कर निवास के लिए अधिकार क्षेत्र का पता	पता पंक्ति 1			
	शहर/कस्बा/गांव			
	राज्य			
	ज़िप/पोस्ट कोड			
कर पहचान संख्या (टीआईएन) / कार्यात्मक समकक्ष संख्या				
टीआईएन / कार्यात्मक समकक्ष संख्या जारी करने वाला देश				
प्रदान किए गए दस्तावेजी साक्ष्य की वैधता (जहां भी लागू हो)		ddmmyyyy	ddmmyyyy	ddmmyyyy

मैंने फॉर्म की सूचना आवश्यकता को समझ लिया है (एफएटीसीए/सीआरएस निर्देशों और नियमों और शर्तों के साथ पढ़ें) और एतद्द्वारा पुष्टि करता/करती हूँ कि इस फॉर्म पर मेरे / हमारे द्वारा प्रदान की गई जानकारी सत्य, सही और पूर्ण है और इसके द्वारा इसे स्वीकार करता/करती हूं।	आवेदक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान* (निर्देश देखें)

8. आवेदक द्वारा घोषणा* (निर्देशों का क्रम संख्या 6 देखें)

मैंने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है। मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी और दस्तावेज मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सही हैं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी में किसी भी बदलाव की सूचना सीआरए/एनपीएस ट्रस्ट को दी जाएगी। मैं समझता/समझती हूं कि मैं किसी भी झूठी या गलत जानकारी या दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह उत्तरदायी होऊंगा/होऊंगी। मैं सीआरए, एनपीएस ट्रस्ट या यूपीएस से जुड़ी किसी अन्य संस्था को पीएफआरडीए अधिनियम 2013 और उसके तहत अधिसूचित प्रासंगिक नियमों के तहत विनियमित उक्त योजना के उद्देश्य के लिए मेरी आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी के डेटा/विवरण एकत्र करने और साझा करने के लिए अधिकृत करता/करती हूं। **धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत घोषणा** मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा/मेरी ओर से भुगतान किया गया अंशदान, आय के कानूनी रूप से घोषित और मूल्यांकन किए गए स्रोतों से लिया गया है। मैं समझता/समझती हूं कि एनपीएस ट्रस्ट को मेरी वित्तीय प्रोफ़ाइल को पढ़ने या अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ जानकारी साझा करने का अधिकार है। मैं इस बात से भी सहमत हूं कि यदि मैं मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) की रोकथाम से संबंधित किसी कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता/जाती हूं तो एनपीएस ट्रस्ट को मेरे पीआरएएन को बंद करने का अधिकार है।	**आवेदक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान*** (*पुरुषों के मामले में बाएं अंगूठे का निशान और महिलाओं के मामले में दाएं अंगूठे का निशान प्रदान किया जाएगा। हाथ न होने की स्थिति में पैर की अंगुली की छाप)
दिनांक	स्थान

9. नोडल अधिकारी द्वारा घोषणा (सभी * चिह्नित स्थान अनिवार्य हैं)

रोजगार विवरण (यूपीएस विकल्प के प्रयोग के समय)

सेवा प्रारम्भ होने की तिथि*		सेवानिवृत्ति की तिथि*	
अर्हक सेवा प्रारंभ होने की तिथि #			
कर्मचारी कोड/आईडी*			
पदनाम (वैकल्पिक)			

ग्रुप (वैकल्पिक)	A		B (राजपत्रित)		B (अराजपत्रित)		C		D		E		अन्य	
सेवा (वैकल्पिक)	आईएएस		आईपीएस		आईएफएस		ग्रुप A		ग्रुप B		अन्य			
मूल वेतन*														
वेतनमान (वैकल्पिक)														
कार्यालय का नाम*														
विभाग*														
मंत्रालय*														
डीडीओ पंजीकरण संख्या*					पीएओ/सीडीडीओ/पीआरएओ पंजीकरण संख्या*									

पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025 के विनियम 13 के साथ पठित विनियम 2(ट) में परिभाषित अर्हक सेवा.

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... इस कार्यालय में कार्यरत हैं और इस अभिदाता पंजीकरण फॉर्म में दिए गए विवरण सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सत्यापित किए गए हैं। केवाईसी के दिए गए पते और आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेजों (ओवीडी) को इस कार्यालय द्वारा सत्यापित किया जाता है। इसके अलावा, यह आगे प्रमाणित किया जाता है कि उसने प्रविष्टियों को पढ़ा है / प्रविष्टियों को हमारे द्वारा पढ़कर उसे समझाया गया है और कर्मचारी द्वारा इसकी पुष्टि की गई है।

डीडीओ का नाम		पीएओ का नाम	
डीडीओ के हस्ताक्षर		पीएओ के हस्ताक्षर	
डीडीओ कोड नं. (सीआरए सिस्टम में रिकॉर्ड के अनुसार)		पीएओ कोड नं. (सीआरए सिस्टम में रिकॉर्ड के अनुसार)	
डीडीओ की मुहर		पीएओ की मुहर	
दिनांक		दिनांक	
स्थान		स्थान	
पावती			
अभिदाता का नाम			
आवेदन प्राप्त होने की तिथि :			

अभिदाता रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने के निर्देश

सामान्य दिशानिर्देश

क. कृपया त्रुटियों से बचने के लिए साफ-सुथरी हस्तलिपि में फॉर्म भरें। ओवरराइटिंग न करें। किसी भी संशोधन पर आवेदक के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। यदि आवेदन किसी भी प्रकार से अधूरा है (या) अनिवार्य फ़ील्ड खाली छोड़ी गई है (या) तस्वीर अस्पष्ट है (या) आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं हैं (या) नोडल कार्यालय द्वारा प्रमाणित नहीं है, तो उसे अस्वीकार किया जा सकता है।

ख. आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रतियां स्वयं-सत्यापित होनी चाहिए।

ग. आवेदक को उस नामित नोडल अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित/मुद्रांकित रसीद सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है, जहां वे अपना आवेदन जमा करते हैं।

क्र.सं.	मद संख्या	आइटम विवरण	निर्देश
1	1	पिता का नाम, माता का नाम	(क) यदि नाम में 30 से अधिक अंक हैं, तो इसके लिए अनुलग्नक II भरें। (ख) यदि आवेदक अनाथ है, तो वह स्थान को खाली छोड़ सकता है। हालांकि, स्थिति का समर्थन करने के लिए एक आधिकारिक दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना पड़ेगा ।
		राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति	राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति (पीईपी) वे व्यक्ति हैं जिन्हें प्रमुख सार्वजनिक कार्यों जैसे कि राज्य या सरकार के प्रमुख, वरिष्ठ राजनेता, वरिष्ठ सरकारी, न्यायिक या सैन्य अधिकारी, राज्य के स्वामित्व वाले निगमों के वरिष्ठ अधिकारी, महत्वपूर्ण राजनीतिक दल के अधिकारी सौंपे गए हैं ।
2	2	पहचान का प्रमाण	यदि आवेदक पहचान के प्रमाण के रूप में आधार जमा कर रहा है, तो आधार संख्या के पहले 8 अंकों को प्रस्तुत प्रति पर संशोधित/मास्क किया जाना चाहिए।
3	5	बैंक विवरण	भौतिक फॉर्म (फॉर्म ए 1) के माध्यम से यूपीएस खाता खोलने के लिए, बैंक विवरण और दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य हैं। कृपया एक रद्द चेक/बैंक पासबुक/बैंक स्टेटमेंट/बैंक प्रमाणपत्र/बैंक से पत्र की प्रति जिसमें आवेदक का नाम, बैंक का नाम, बैंक खाता संख्या और आईएफएस कोड हो, जमा करें।
4	6	पेंशन फंड (पीएफ) और निवेश विकल्प का चयन	सरकारी कर्मचारी/अभिदाता पेंशन निधियों के विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं और अपने निवेशों को या तो 'सक्रिय विकल्प' के अंतर्गत आस्ति वर्ग 'जी' में या 'ऑटो विकल्प' के अंतर्गत जीवन चक्र निधि-एलसी 50 या एलसी 25 में आवंटित कर सकते हैं। यदि कोई विकल्प प्रदान नहीं किया जाता है, तो अंशदान को सरकार द्वारा चुने गए डिफ़ॉल्ट पेंशन फंडों और निवेश पैटर्न के बीच वितरित किया जाएगा।
5	7&8	FATCA & CRS घोषणा/आवेदक द्वारा हस्ताक्षर	भारतीय क्षेत्र के बाहर कर उद्देश्यों के लिए आवेदक के निवास की स्थिति से संबंधित स्पष्टीकरण / दिशा-निर्देश: • कर निवास क्षेत्र : चूंकि अमेरिका अपने नागरिकों की वैश्विक आय पर कर लगाता है, इसलिए हर अमेरिकी नागरिक, चाहे उसकी कोई भी राष्ट्रीयता हो, अमेरिका में कर उद्देश्यों के लिए निवासी माना जाता है। • कर पहचान संख्या (टी आईएन): यदि संबंधित क्षेत्र द्वारा टी आईएन

			जारी नहीं किया गया है, तो इसकी सूचना देना आवश्यक नहीं है। हालांकि, यदि उस क्षेत्र ने उच्च स्तरीय पहचान संख्या (कार्यात्मक समकक्ष) जारी की हो, तो उसकी जानकारी देना आवश्यक है। ऐसे नंबरों के उदाहरणों में सामाजिक सुरक्षा/बीमा नंबर, नागरिक/व्यक्तिगत पहचान/सेवा कोड/नंबर तथा निवासी पंजीकरण संख्या शामिल हैं। • यदि आवेदक अपनी अमेरिकी व्यक्ति स्थिति को 'नहीं' घोषित कर रहा है, लेकिन उसका जन्म स्थान अमेरिका है, तो उसे नागरिकता त्याग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा या नागरिकता त्याग प्रमाण-पत्र न होने के कारण बताने होंगे। • यदि आवेदक अपनी अमेरिकी व्यक्ति स्थिति को 'हाँ' घोषित कर रहा है, तो उसे पीएएन और 'पिता का नाम' के साथ फॉर्म के अनुभाग 9 के तहत आवश्यक विवरण प्रस्तुत करना होगा। • यदि आवेदक हस्ताक्षर करने में असमर्थ है, तो पुरुष के मामले में बाएं हाथ का अंगूठे का निशान और महिला के मामले में दाएं हाथ का अंगूठे का निशान लगाया जाना चाहिए। यदि आवेदक के हाथ नहीं हैं, तो पैर की अंगुली का निशान प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अंगूठे/पैर की अंगुली के निशान की पुष्टि दो व्यक्तियों द्वारा की जानी चाहिए, जिनमें से एक को उक्त निशान को अपने आधिकारिक मुहर और हस्ताक्षर के साथ प्रमाणित करना होगा। •

<u>अभिदाताओं के लिए सामान्य जानकारी</u>

क) अभिदाता सीआरए और संबंधित नोडल कार्यालय से अपने आवेदन की स्थिति प्राप्त कर सकता है।

ख) अभिदाताओं को उस नामित नोडल अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित/मुद्रांकित रसीद सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है, जहां वे अपना आवेदन जमा करते हैं।

ग) अधिक जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए, सीआरए से संपर्क करें:

वेबसाइट:

सम्पर्क:

सीआरए का पता:

अनुलग्नक - सरकारी क्षेत्र के आवेदकों के लिए अभिदाता पंजीकरण फॉर्म *(नीचे लागू अनुलग्नकों को टिक करें और भरें)*	
अनुलग्नक I - पीआरएएन **कार्ड हिंदी में प्रिंट** करें (देवनागरी लिपि में विवरण भरें)	
आवेदक का पहला नाम	
मध्य नाम	
कुलनाम	
पिता / माता का पहला नाम	
मध्य नाम	
कुलनाम	

	अनुलग्नक II - यदि नाम के अक्षर आवेदन पत्र के पृष्ठ 1 पर दिए गए स्थान से अधिक हैं
आवेदक का पहला नाम	
मध्य नाम	
कुलनाम	
पिता का पहला नाम	
मध्य नाम	
कुलनाम	
माता का पहला नाम	
मध्य नाम	
कुलनाम	

अनुसूची-I

[विनियम 4, 19, 20 और 23 देखें]

फॉर्म A2

[विनियम 4 देखें]

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत पहले से ही पंजीकृत केंद्रीय सरकार के कर्मचारी के द्वारा एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत आने के लिए विकल्प का चयन

मैं,.....श्री / श्रीमती ..... का पुत्र / पुत्री, 01/04/2025 को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन)..... के साथ एनपीएस का एक अभिदाता होने के नाते, केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना एफ. संख्या एफएक्स-1/3/2024-पीआर, दिनांक 24/01/2025 और पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025 समय-समय पर यथासंशोधित, अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के प्रावधानों को पढ़कर और पूरी तरह से समझकर, और एकीकृत पेंशन योजना का विकल्प चुनने के लिए पात्र होने के नाते, एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत आने के लिए विकल्प का चयन करता/करती हूँ।

इसके अतिरिक्त, मैं एतद्द्वारा स्वीकार करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रयोग किया गया यह विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा।

मैं सीआरए, एनपीएस ट्रस्ट या यूपीएस से जुड़ी किसी अन्य संस्था को पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 और उसके तहत अधिसूचित प्रासंगिक विनियमों के तहत विनियमित उक्त योजना के प्रयोजन के लिए, मेरी आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी का डेटा / विवरण एकत्र करने और साझा करने के लिए अधिकृत करता/करती हूँ।

दिनांक : ---------- अभिदाता के हस्ताक्षर

स्थान : ---------- नाम ----------

(सेवा अभिलेखों के आधार पर डीडीओ द्वारा भरा और प्रमाणित किया जाना है)

रोजगार विवरण (यूपीएस विकल्प के चयन के समय)	
कर्मचारी कोड/आईडी	

अर्हक सेवा की शुरुआत की तारीख (विनियम 13 के साथ पठित विनियमन 2(ट) में परिभाषित अर्हक सेवा)	
वर्तमान माह का मूल वेतन	
गैर-अभ्यास (गैर-प्रैक्टिसिंग) भत्ता (एनपीए), यदि लागू हो	
अगली वेतन वृद्धि के लिए निर्धारित तिथि	

डीडीओ के हस्ताक्षर और नाम	पीएओ के हस्ताक्षर और नाम
डीडीओ पंजीकरण संख्या-	पीएओ पंजीकरण संख्या-
दिनांक: स्थान:	दिनांक: स्थान:

नोट/निर्देश:

- इस फॉर्म की विधिवत हस्ताक्षरित प्रति डीडीओ द्वारा कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में रखी जाएगी और उसकी एक प्रति कर्मचारी को उसके रिकॉर्ड के लिए प्रदान की जाएगी।
- डीडीओ कार्यालय प्रमुख द्वारा सत्यापित डेटा को केंद्रीय अभिलेखपाल अभिकरण प्रणाली (सीआरए सिस्टम) में दर्ज करेगा और अभिदाता द्वारा फॉर्म के भौतिक रूप से जमा करने की स्थिति में, डीडीओ इस विधिवत हस्ताक्षरित विकल्प फॉर्म की एक प्रति अपलोड करेगा। पीएओ अपने लॉगिन के माध्यम से सीआरए प्रणाली में अभिदाता द्वारा प्रयोग किए गए विकल्प को अधिकृत और अनुमोदित करेगा।

फॉर्म B1

[विनियम 19, 20 और 23 देखें]

दावा और भुगतान फॉर्म

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता जो 01/04/2025 को या उसके बाद अधिवर्षित/सेवानिवृत्त हुआ है

फॉर्म भरने से पहले, कृपया फॉर्म के अंत में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें

अभिदाता और कानूनी रूप से विवाहित पति/पत्नी का संयुक्त फोटोग्राफ

भाग -ए (अभिदाता द्वारा भरा जाना है)

1. श्रेणी (कोई एक):

अधिवर्षिता (न्यूनतम 10 वर्ष की अर्हक सेवा के बाद)	
स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (25 वर्ष की अर्हक सेवा के बाद)	
मौलिक नियम **56(**ञ) के तहत सेवानिवृत्त हुए हों (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, **1965** के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता हो)	

2. अभिदाता का विवरण:

नाम		कर्मचारी कोड / आईडी		पीआरएएन	
जन्म तिथि		सेवा में शामिल होने की तिथि		स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की तिथि (यदि लागू हो)	
लिंग		अधिवर्षिता/एफआर 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि		स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में, मानी गई अधिवर्षिता की तिथि	
डीडीओ (कार्यालय का नाम)		पीएएन		मंत्रालय/विभाग (जहां से सेवानिवृत्त हुए)	
पीएओ (कार्यालय का नाम)					

3. केवाईसी विवरण:

दस्तावेज़ (दस्तावेजों में से कोई एक)	दस्तावेज़ का प्रकार	पहचान संख्या	वैधता (पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस के मामले में)
आधार*/ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/ वोटर आईडी/ सीकेवाईसी आईडी/एनपीआर द्वारा जारी पत्र			

4. वर्तमान पता:

फ्लैट/मकान नंबर/भवन का नाम		गली/मोहल्ला	
गांव और डाकघर/ब्लॉक		शहर/जिला	
राज्य		पिन कोड	
देश			

5. संपर्क विवरण:

टेलीफोन नंबर (यदि कोई हो)		मोबाइल नंबर	
ईमेल आईडी			

6. अधिवर्षिता की तिथि पर कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी का विवरण:

नाम		पीएएन*	
जन्मतिथि		आधार संख्या*:	
लिंग			
मोबाइल नंबर		ईमेल आईडी	

7. बैंक खाते का विवरण:

बैंक खाते का प्रकार	अधिवर्षिता की तिथि पर कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी के साथ संयुक्त खाता एकल खाता (अधिवर्षिता की तिथि पर कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी के ना होने की स्थिति में)	बैंक खाता संख्या	
बैंक का नाम		आईएफएससी	
ध्यान दें: कृपया सुनिश्चित करें कि सरकारी कर्मचारी संयुक्त खाते में प्राथमिक खाताधारक है।			

8. अंतिम निकासी प्रतिशत - *(कॉर्पस का 60% तक प्राप्त किया जा सकता है)*

मैं अंतिम निकासी का विकल्प चुनना चाहता / चाहती हूं	व्यक्तिगत कॉर्पस का ...%
मैं पूरी तरह से अवगत होकर इस विकल्प का चयन कर रहा/रही हूं कि अंतिम निकासी सुनिश्चित भुगतान को आनुपातिक रूप से कम कर देगी।	

घोषणा:

मैं _____ श्री/श्रीमती _____ का पुत्र/पुत्री, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का अभिदाता जिसका पीआरएएन ---------- है और मैंने भारत सरकार द्वारा दिनांक **24/01/2025** को जारी अधिसूचना एफ. संख्या एफएक्स-**1/3/2024-**पीआर और समय-समय पर यथासंशोधित पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, **2025** के तहत अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के प्रावधानों को पूरी तरह से पढ़ और समझ लिया है। मैं यह घोषणा करता/ करती हूँ कि मैं उक्त अधिसूचना और विनियमों के अनुसार यूपीएस के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हूँ। मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गयी जानकारी पूर्ण रूप से सत्य और सही है **।**

मैं सीआरए, एनपीएस ट्रस्ट या यूपीएस से जुड़े किसी अन्य संस्था को पीएफआरडीए अधिनियम, **2013** और उसके तहत अधिसूचित प्रासंगिक विनियमों के तहत विनियमित उक्त योजना के उद्देश्य के लिए अपनी आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी के डेटा/विवरण एकत्र करने और साझा करने के लिए अधिकृत करता/करती हूं।

स्थान : _____ हस्ताक्षर:_____

दिनांक : _____ नाम : _____

भाग - बी (सीआरए प्रणाली में दर्ज विवरण के अनुसार)

1. अभिदाता को देय यूपीएस लाभों की गणना के लिए विवरण:

	व्यक्तिगत कॉर्पस (आईसी) : अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति की तिथि पर कॉर्पस का मूल्य	
	बेंचमार्क कॉर्पस (बीसी) (अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति की तिथि पर)	
	बेंचमार्क कॉर्पस की तुलना में व्यक्तिगत कॉर्पस की अधिकता/कमी (आईसी- (घटा) बीसी)	
	अंतिम निकासी (एफडब्ल्यू%)	

भाग - सी (सीआरए प्रणाली में डीडीओ द्वारा भरा जाना है)

1. **सेवा रिकॉर्ड के अनुसार रोजगार विवरण:**

I	फ़ाइल संख्या	
ii	कर्मचारी कोड/आईडी	
iii	अर्हक सेवा की शुरुआत की तारीख (विनियम 13 के साथ पठित विनियमन 2(ट) में परिभाषित अर्हक सेवा)	
iv	अधिवर्षिता / मौलिक नियम 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता है)/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की तिथि	
v	महीनों में अर्हक सेवा की अवधि (Q)	
vi	पूर्ण छमाहियों में अर्हक सेवा की अवधि (L) (अंश को अनदेखा किया जाना है)	
vii	मासिक भुगतान के शुरुआत की तिथि (अधिवर्षिता और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में : अधिवर्षिता के अगले दिन से, 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति के मामले में: सेवानिवृत्ति के अगले दिन से)	

2. **अधिवर्षिता / मौलिक नियम 56 (ञ) के तहत सेवानिवृत्ति / स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति / से पहले पिछले 12 महीनों के लिए मूल वेतन विवरण:**

	मूल वेतन	एनपीए (निजी प्रैक्टिस के बदले चिकित्सा अधिकारी को दिया जाने वाला गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ता)	कुल (मूल वेतन + एनपीए)		मूल वेतन	एनपीए (निजी प्रैक्टिस के बदले चिकित्सा अधिकारी को दिया जाने वाला गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ता)	कुल (मूल वेतन + एनपीए)
माह 1				**माह** 7			
माह 2				**माह** 8			
माह 3				**माह** 9			
माह 4				**माह** 10			
माह 5				**माह** 11			
माह 6				**माह** 12			
12 महीने का औसत (मूल वेतन + एनपीए) = P							

3. **अधिवर्षिता / मौलिक नियम** 56(**ञ**) **के तहत सेवानिवृत्ति /स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम महीने का वेतन विवरण:**

माह/वर्ष	मूल वेतन (निजी प्रैक्टिस के बदले चिकित्सा अधिकारी को दिए जाने वाले गैर-प्रैक्टिसिंग भत्ते सहित, यदि कोई हो)	महंगाई भत्ता (डीए)	कुल **E =** मूल वेतन + महंगाई भत्ता
एकमुश्त भुगतान के लिए अंतिम महीने का पारिश्रमिक (E)			

प्रमाणित किया जाता है कि भाग-ए में अभिदाता द्वारा प्रदान किए गए विवरण, रोजगार और वेतन का विवरण अर्थात् अर्हक सेवा, अंतिम मूल वेतन, औसत मूल वेतन, अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति तिथि, अधिवर्षिता की तिथि पर कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी का विवरण, जिसको कार्यालय प्रमुख द्वारा सत्यापित किया गया है और प्रविष्टि ऐसे प्रमाणन के अनुसार की गई है।	
सत्यापित और प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त विवरण सत्य और सही हैं।	
डीडीओ का नाम एवं हस्ताक्षर	
डीडीओ कार्यालय का नाम	डीडीओ पंजीकरण संख्या
दिनांक :	स्थान :

फॉर्म बी1

(भाग डी)

पीएओ द्वारा जारी यूपीएस भुगतान आदेश (यूपीओ)

(सिस्टम द्वारा जनरेट किया गया)

अभिदाता और कानूनी रूप से विवाहित पति/पत्नी का संयुक्त फोटोग्राफ

प्रति,

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास
(पता जोड़ा जाना है) -

फाइल संख्या :		**जारी करने की तिथि**	
यूपीएस भुगतान आदेश (यूपीओ) संख्या:			

1. अभिदाता की श्रेणी (निम्न में से कोई एक):

अधिवर्षिता (न्यूनतम 10 वर्ष की अर्हक सेवा के बाद)	
स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (25 वर्ष की अर्हक सेवा के बाद)	
मौलिक नियम **56(**ञ) के तहत सेवानिवृत्त हुए हों (जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, **1965** के तहत शास्ति के रूप में नहीं माना जाता),	

2. अभिदाता के विवरण

नाम		कर्मचारी कोड / आईडी		पीआरएएन	
जन्म तिथि		सेवा में शामिल होने की तिथि		स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की तिथि (यदि लागू हो)	
लिंग		अधिवर्षिता/एफआर 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि		स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में, मानी गई अधिवर्षिता की तिथि	
डीडीओ (कार्यालय का नाम)		पीएएन		मंत्रालय/विभाग (जहां से सेवानिवृत्त हुए)	
पीएओ (कार्यालय का नाम)					

3. अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति की तिथि पर कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी का विवरण:

नाम		पीएएन	
जन्म तिथि		ईमेल आईडी	
लिंग		मोबाइल नंबर	

4. बैंक अकाउंट विवरण:

बैंक खाता संख्या		बैंक का नाम		आईएफएससी	

5. रोजगार और वेतन का विवरण:

	महीनों की संख्या में अर्हक सेवा की अवधि	
	पिछले **12** महीनों के मूल वेतन का औसत	

	सुनिश्चित भुगतान	
	अंतिम महीने का वेतन (मूल वेतन + महंगाई भत्ता)	
	पूर्ण छमाहियों में अर्हक सेवा की अवधि	
	मासिक स्वीकार्य भुगतान के आरम्भ की तिथि	`

<u>अभिदाता को देय स्वीकृत यूपीएस लाभों की स्वीकृति</u>

6. यूपीएस अभिदाता को देय यूपीएस लाभ:

	एकमुश्त भुगतान	
	बेंचमार्क कॉर्पस की तुलना में व्यक्तिगत कॉर्पस की अधिकता, यदि कोई हो	
	अंतिम निकासी राशि	
	मासिक स्वीकार्य भुगतान [सुनिश्चित भुगतान X आईसी / बीसी X (1- अंतिम निकासी %)]	
	स्वीकार्य भुगतान पर महंगाई राहत राशि	
	स्वीकार्य भुगतान और लागू महंगाई राहत का बकाया	

पीएओ का नाम एवं हस्ताक्षर	
पीएओ कार्यालय का नाम	पीएओ पंजीकरण संख्या
दिनांक :	स्थान :

उचित सत्यापन के बाद यूपीएस भुगतान आदेश प्राप्त होने पर लाभ जारी करने के लिए अधिकृत करना

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एनपीएस ट्रस्ट	
दिनांक:	स्थान:

प्रतिलिपि,

अभिदाता को

(पता और ईमेल और मोबाइल) - ईमेल पर

फॉर्म भरने के निर्देश

भाग-ए

1. तारांकित चिह्नों को छोड़कर सभी फ़ील्ड अनिवार्य हैं।
2. कृपया सेवा रिकॉर्ड के अनुसार अभिदाता का विवरण भरें।
3. कृपया उस कार्यालय के डीडीओ, पीएओ, विभाग/मंत्रालय का विवरण दें जहाँ से आप सेवानिवृत्त हुए हैं।
4. 5 केवाईसी दस्तावेजों में से कोई एक प्रदान किया जा सकता है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की स्थिति में आधार संख्या या सीकेवाईसी आईडी प्रदान की जा सकती है।
5. वर्तमान पता प्रदान किए गए केवाईसी दस्तावेज के अनुसार होना चाहिए। वर्तमान पते में परिवर्तन होने की स्थिति में, संबंधित केवाईसी दस्तावेजों को पहले अपडेट किया जाना चाहिए।
6. दावेदार के मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी को ओटीपी या लागू होने वाले लिंक भेजकर अलग से सत्यापित किया जाएगा।
7. केंद्र सरकार की नियमित सेवा में शामिल होने की तिथि का फ़ील्ड सीआरए प्रणाली से लिया जाएगा, हालांकि, किसी भी परिवर्तन की स्थिति में, यह अभिदाता द्वारा संपादन योग्य होगा और डीडीओ द्वारा विधिवत सत्यापित किया जाएगा।
8. यदि कानूनी रूप से विवाहित पति या पत्नी के लिए आधार संख्या दी जा रही है, तो आधार संख्या के केवल अंतिम चार अंक ही प्रदान किए जा सकते हैं।

इस फॉर्म के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची

दावेदार द्वारा:

i. पास बुक/बैंक स्टेटमेंट के पहले पृष्ठ की फोटोकॉपी या बैंक खाते का रद्द किया गया चेक या खाता धारक के नाम और खाते का विवरण दिखाने वाला कोई अन्य बैंक दस्तावेज, जिसमें भुगतान जमा किया जाना है।

ii. दावेदार के पीएएन कार्ड की प्रति।

iii. दावेदार के केवाईसी दस्तावेज।

iv. एक संयुक्त तस्वीर।

v. दावेदार के नमूना हस्ताक्षर।

डीडीओ द्वारा:

i. कार्यालय प्रमुख द्वारा सत्यापित रोजगार विवरण वाले दस्तावेज़ की प्रति।

ii. अभिदाता द्वारा हस्ताक्षरित फॉर्म की प्रति (यदि अभिदाता द्वारा भौतिक रूप में फॉर्म जमा किया गया है)।

फॉर्म बी2

[विनियम 4, 19 और 20 देखें]

दावा और भुगतान फॉर्म: एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) अभिदाता जो 31/03/2025 को या उससे पहले अधिवर्षित/सेवानिवृत्त हुआ है।

फॉर्म भरने से पहले, कृपया फॉर्म के अंत में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।

अभिदाता और कानूनी रूप से विवाहित पति/पत्नी का संयुक्त फोटोग्राफ

भाग - ए (अभिदाता द्वारा भरा जाना है)

1. अभिदाता का विवरण:

नाम		कर्मचारी कोड / आईडी		पीआरएएन	
जन्म तिथि		अधिवर्षिता/एफआर 56(ञ) के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि		सेवा में शामिल होने की तिथि	
लिंग		पीएओ (कार्यालय का नाम)		डीडीओ (कार्यालय का नाम)	
पीएएन (PAN)		मंत्रालय/विभाग (जहां से सेवानिवृत्त हुए)			

2. केवाईसी विवरण:

